!! श्री कृष्ण शरणम् मम:!!

आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2014/56594

वर्ष-11 । अंक 66 । मूल्य - 2 रुपए । पृष्ठ-08 । नगर संस्करण

इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित

दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर शनिवार, 08 मार्च, 2025







# भागोरिया हाट

## झाबुआ-अलीराजपुर क्षेत्र में भगोरिया पर्व की शुरुआत, वालपुर मे लगा मेला



**एजेंसी ● आलीराजपुर**

7 से 13 मार्च तक चलने वाले इस 7 दिवसीय भगौरिया हाट की शुरुवात शुक्रवार को आलीराजपूर जिले के वालपुर में आदिवासी समाजजनों में विशेष उत्साह देखने को मिला। जहां हजारों की संख्या में नाचते- गाते, ढोल- मांदल, बांसुरी की धुन पर नाचते नजर आए।

आदिवासियों के सांस्कृतिक पर्व भौंगर्या हाट शुरुआत हो चुकी है। यह 13 मार्च को समाप्त होगा। भौंगर्या हाट रबी फसल की कटाई के बाद आदिवासियों द्वारा आदिवासियों के लिए पारंपरिक रूप फ्री समय अंतराल में किया जाता है। इसे फसलिया हाट भी कहते हैं। भौंगर्या मेला राजा कसुमर और बालुन के समय अस्तित्व में आया। यह मध्य प्रदेश के मालवा-निमाड़ अंचल (बड़वानी, धार, झाबुआ, आलीराजपुर, खरगोन आदि कई जिलों के आदिवासी गांव में आयोजित होते है) आदिवासी इलाकों में बेहद धूमधाम से आदिवासी संस्कृति की झांकिया दिखाई देती है। आदिवासी परिवार आपस में कुलदेवी के पूजन हेतु सामग्री खरीदते हैं तथा परिवार सहित भौंगर्या हाट देखते हैं।

### सूरत में खाद्य सुरक्षा संतृप्ति अभियान का शुभारंभ

# संतुष्टिकरण की भावना को बढ़ाएगा अभियान : मोदी



**एजेंसी ● सूरत**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सूरत में खाद्य सुरक्षा संतृप्ति अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह संतृप्ति अभियान तुष्टिकरण की भावना को छोड़कर संतुष्टिकरण की भावना को आगे बढ़ाएगा। सूरत आज गरीब और वंचित को भोजन और पोषण की सुरक्षा देने में आगे निकल रहा है। यहां का खाद्य सुरक्षा संतृप्ति अभियान दूसरे जिलों और राज्यों के लिए भी प्रेरणा बनेगा।

उन्होंने कहा कि यह अभियान सुनिश्चित करता है कि न कोई भेदभाव, न कोई छूटे, न कोई रूठे और न कोई किसी को ठगे। यह अभियान तुष्टिकरण की भावना को छोड़कर संतुष्टिकरण की भावना को आगे बढ़ाएगा। जब सरकार ही लाभार्थी के दरवाजे पर जा रही है, तो कोई छूटेगा कैसे और जब कोई छूटेगा नहीं तो कोई रूठेगा कैसे। जब सोच यह हो कि हमें सब तक लाभ पहुंचाना है, तो ठगने वाले दूर भाग जाते हैं।

पीएम मोदी ने कोविड के दौरान शुरू की गई गरीब कल्याण योजना का जिक्र कर कहा कि मुझे संतोष है कि हमारी सरकार गरीबों की सच्ची साथी बनकर खड़ी है। केंद्र सरकार गरीब के घर का चूल्हा जलता रहे, इसके लिए दो लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर रही है।

हमारा लक्ष्य देश के हर परिवार को पर्याप्त पोषण देना है ताकि कुपोषण और एनीमिया जैसी बड़ी समस्याओं से देश मुक्त हो सके। उन्होंने कहा कि मोदी ने गरीबों की गारंटी खुद ली और मुद्रा योजना शुरू की है।

### महिलाओं को सौंपूंगा अपना सोशल मीडिया अकाउंट

पीएम मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले मैंने देश की नारी शक्ति से अपनी सफलताओं को अपनी उपलब्धियों को, अपने जीवन की प्रेरणादायी यात्रा को नमो एप पर शेयर करने का आग्रह किया। अनेक बहनों-बेटियों ने नमो एप पर अपनी गाथाएं शेयर की हैं। शनिवार को महिला दिवस है। महिला दिवस के अवसर पर मैं अपना सोशल मीडिया अकाउंट ऐसी ही कुछ प्रेरणादायी बहनों-बेटियों को सौंपने जा रहा हूं।

## रणवीर-अपूर्वा ने महिला आयोग से लिखित माफी मांगी

**नई दिल्ली।** शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में की गई अश्लील टिप्पणी, मजाक को लेकर यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया और अपूर्वा मुखीजा लंबे समय से पुलिस शिकायतों और सोशल मीडिया पर मिल रही आलोचना का सामना कर रहे हैं। हाल ही में दोनों को महिला आयोग ने भी बुलाया और अश्लील टिप्पणी वाले मामले पर उनके बयान दर्ज किए। खबर है कि रणवीर-अपूर्वा ने अपने किए की माफी महिला आयोग के सामने मांग ली है। महिला आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। एनसीडब्ल्यू चेयरपर्सन विजया राहतकर ने कहा, 'चार लोग आयोग के समक्ष पेश हुए, जिसमें तुषार पुजारी, सौरभ बोथरा, अपूर्व मुखीजा और रणवीर अल्लाहबादिया शामिल रहे।'

## सेना का जगुआर फाइटर जेट हरियाणा के पंचकूला में क्रैश

**पंचकुला।** हरियाणा के पंचकूला में एक जगुआर फाइटर जेट क्रैश हो गया, जिसकी वजह से आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हादसा इतना खौफनाक था कि विमान के टुकड़े दूर-दूर तक बिखर गए। वायुसेना के मुताबिक, यह जगुआर फाइटर जेट नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान अंबाला में तकनीकी खराबी के कारण दुर्घटनाग्रस्त हुआ। पायलट पैराशूट की मदद से सुरक्षित नीचे उतरने से पहले विमान को घनी आबादी से दूर ले जाने में सफल रहा। वायुसेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, "भारतीय वायुसेना के एक जगुआर विमान के क्रैश का कारण सिस्टम में खराबी थी। वायुसेना ने हादसे की जांच का आदेश दे दिया है और विशेषज्ञों की टीम भी भेज दी गई है।

# मथुरा के राधारानी मंदिर में लड्डूमार होली

### महंतों ने लड्डू बरसाए, हुरियारों ने अबीर-गुलाल उड़ाया; बरसाना में सखियों ने नृत्य किया



**एजेंसी ● मथुरा**

मथुरा के बरसाना में राधारानी (लाडलीजी) मंदिर में शुक्रवार को लड्डूमार होली खेली गई। भक्तों पर लड्डू बरसाए गए। हुरियारों ने जमकर अबीर-गुलाल उड़ाए। इससे पहले सज-धजकर राधा-रानी की सखियां बरसाना से होली का निमंत्रण लेकर नंदगांव पहुंचीं। फिर नंदगांव में सखियों ने नृत्य किया। सीएम योगी भी बरसाना पहुंचे। उन्होंने लाडलीजी मंदिर में पूजा की और भक्तों पर फूल बरसाए। फिर ब्रजवासियों को संबोधित किया। इसकी शुरुआत राधे-राधे से की। फिर यमुना मैया की जय और बांके बिहारी लाल की जय के नारे लगाए। लाडलीजी मंदिर की लड्डूमार होली देखने और खेलने के लिए 10 लाख श्रद्धालु बरसाना पहुंचे। इनमें विदेशी पर्यटक भी शामिल



रहे। लड्डूमार होली के लिए लाडलीजी मंदिर में बनी रसोई में 1,000 किलो शगुन के लड्डू बनाए गए। वहीं, बरसाना, वृंदावन, मथुरा, गोवर्धन और नंदगांव की 950 दुकानों में 9,000 किलो लड्डू तैयार किए गए थे।

# दावा 'तीन माह में हल करेंगे दशकों पुरानी फर्जी मतदाता पहचान पत्र की समस्या'

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

चुनाव आयोग (ईसी) ने शुक्रवार को कहा कि वह दशकों पुरानी डुप्लिकेट मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबरों की समस्या को अगले तीन महीने में हल कर लेगा। चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि भारत के चुनावी रजिस्टर दुनिया का सबसे बड़ा मतदाता डेटाबेस है, जिसमें 99 करोड़ से अधिक मतदाता पंजीकृत हैं।

ईपीआईसी नंबर मामले का संज्ञान चुनाव आयोग ने कहा, 'डुप्लिकेट ईपीआईसी नंबरों के मामले में आयोग ने पहले ही संज्ञान लिया है। ईपीआईसी नंबर चाहे जैसा भी हो, एक मतदाता जो एक विशेष मतदान केंद्र के चुनावी रजिस्टर से जुड़ा हुआ है, केवल उसी मतदान केंद्र पर मतदान कर सकता है, और कहीं नहीं।'

आयोग ने आगे कहा कि उसने इस लंबित मुद्दे को अगले तीन महीने में तकनीकी टीमों



और संबंधित राज्य मुख्य चुनाव अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा के बाद हल करने का निर्णय लिया है। इस प्रक्रिया के तहत डुप्लिकेट ईपीआईसी नंबर वाले मतदाताओं को एक विशेष राष्ट्रीय ईपीआईसी नंबर प्रदान किया जाएगा। नया सिस्टम भविष्य के मतदाताओं के लिए भी लागू होगा।

टीएमसी ने दर्ज कराई थी शिकायत पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी दलतृणमूल कांग्रेस ने कई राज्यों में डुप्लिकेट मतदाता पहचान पत्र नंबरों का मुद्दा उठाया और चुनाव आयोग पर कवर-अप का आरोप भी लगाया है। टीएमसी के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को कोलकाता में चुनाव आयोग के अधिकारियों से मुलाकात की और एक ही मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबर के बारे में अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। चुनाव आयोग के अधिकारियों के साथ बैठक के बाद पश्चिम बंगाल के मंत्री और कोलकाता मेयर फिरहाद हकीम ने पत्रकारों से कहा कि प्रत्येक मतदाता के पास एक विशिष्ट पहचान पत्र संख्या होनी चाहिए और उन्होंने इसे सुनिश्चित करने के लिए भौतिक सत्यापन की मांग की।

### सिर्फ चुनाव के समय हल्ला

मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर राजनीतिक दलों की ओर से जिस तरह चुनाव के समय हो-हल्ला खड़ा किया जाता है, लेकिन अगर वे हर साल मतदाता सूची में होने वाले पुनरीक्षण के समय तत्परता दिखाएं, तो शायद इनमें गड़बड़ी रह ही न पाए। स्थिति यह है कि राजनीतिक दलों की मौजूदगी में कई महीने तक चलने वाली इस प्रक्रिया में उनकी ओर से गड़बड़ी के एक भी मामले सामने नहीं आते है।

### श्रीविद्याधाम पर शिवपुराण कथा में जगदगुरू शंकराचार्य भानपुरा पीठाधीश्वर के आशीर्वचन

# अधर्म और अनीति से प्राप्त धन सुख नहीं दे पाएगा : ज्ञानानंद तीर्थ

संवाददाता ● इंदौर

उपासना

सृष्टि में जो कुछ विद्यमान है, वह शिवमय है। शिव के अभाव में सृष्टि की प्रत्येक वस्तु शव समान है। शिव के बिना जीव का कोई सामर्थ्य नहीं हो सकता। शिव सृष्टि के मूलाधार हैं। शिव के बिना जीव का कोई मोल नहीं, जीव की कोई महत्ता नहीं। शिव की साधना और उपासना का नित्य अभ्यास होना चाहिए। अभ्यास से ही सिद्धि और सिद्धि से ही योग साधना की प्राप्ति होगी। मनुष्य को जीवन में धनार्जन करना चाहिए, लेकिन दूसरों का हक छीनकर अनीतिपूर्वक किया गया धनार्जन फलीभूत नहीं होगा। कारोबारी बंधुओं को समझ लेना चाहिए कि अधर्म और अनीति से प्राप्त धन का उपभोग सुख नहीं दे पाएगा। शिव पुराण में जीवन को



नीति, संस्कार और मर्यादा से युक्त बनाने के कई मंत्र दिए गए हैं। जगदगुरू शंकराचार्य, भानपुरा पीठाधीश्वर स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ ने शुक्रवार को विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम परिसर में ओम जय-जय अम्बे भक्तजन मंडल एवं श्री श्रीविद्याधाम परिवार द्वारा आयोजित श्री शिव पुराण कथा में उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए उक्त दिव्य विचार व्यक्त किए। प्रारंभ में आयोजन समिति की ओर से आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में महेन्द्र माहेश्वरी, मोहनलाल दमेले, नरेन्द्र शर्मा, विनोद सोनी, जयंतीदेवी अग्रवाल आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया। भक्तों और संतों की अगवानी श्रीमती प्रभा शहाणे, उमा अशोकसिंह, सीमा दिलीप सेंगर, कृष्णा मिश्रा एवं लाखनसिंह पटेल ने की। आज शंकराचार्यजी के शिष्य, युवाचार्य स्वामी वरुणेन्द्र तीर्थ ने भी आशीर्वचन दिए। उन्होंने भी शिवपुराण की महिमा बताई। संयोजक सोनू अण्णा एवं दीपक चाचर ने बताया कि विद्याधाम परिसर स्थित भगवान परशुराम के मंदिर की साक्षी में प्रतिदिन सुबह यज्ञ-हवन का अनुष्ठान भी किया जा रहा है। संगीतमय कथा 9 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सांय 6 बजे तक विद्याधाम परिसर में होगी।

#### आजकल मिलावट का दौर चल रहा

शंकराचार्यजी ने शिवपुराण कथा में कहा कि आजकल मिलावट का दौर चल रहा है। मंदिर में काम आने वाले उपकरण एवं पूजा सामग्री भी मिलावट से नहीं बच पाए हैं। जिन वाद्य यंत्रों से संगीत की मंगलमय ध्वनि निकलती है, उनमें भी अब मिलावट हो रही है। पूजन के समय प्रयुक्त घंटा, श्रृंगी, वीणा, दुदुंभी, बांसुरी और शंख की ध्वनि को मंगलकारी माना जाता है। इसी तरह पूजा के वक्त ओंकार के ध्यान का अभ्यास भी होना चाहिए। हमारे शास्त्रों में , विशेषकर शिवपुराण में ऐसे मंत्र भी दिए गए हैं कि मृत्यु समीप आने वाले यदि उनका अभ्यास किया जाए तो सदगति और मुक्ति भी प्राप्त हो सकती है। इन सभी वाद्य यंत्रों की ध्वनि से होने वाले लाभ का वर्णन भी शिवपुराण में किया गया है। भक्ति मन, वचन और कर्म से होना चाहिए। पूजा, सेवा और भक्ति प्रतिदिन हमारी दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिए।

## शॉट न्यूज

### कॉलोनी काटने के नाम पर ठगी कलेक्टर को सुनाया दुखड़ा

**इंदौर।** शहर में एक बार फिर से जमीन के नाम पर फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। बड़ी संख्या में ठगाए लोग शुक्रवार को कलेक्टर आशीष सिंह से मिलने पहुंचे और अपनी समस्या रखी। इन सभी का कहना था कि इन्होंने कई समय पहले उज्जैन रोड पर मौजूद पालिया में जमीनें खरीदी थीं। बिल्डर ने उनसे प्लॉट और मकान के नाम पर पैसे तो ले लिए, लेकिन आज तक न तो रजिस्ट्री करवाई और न ही कब्जा दिया। साथ ही अब तक कॉलोनी का डेवलपमेंट भी शुरू नहीं हुआ है। सभी की शिकायत को सुनने के बाद कलेक्टर ने इस मामले की जांच के आदेश दिए है। उन्होंने इस शिकायत को टीएल बैठक में रखने के आदेश दिए हैं। उन्होंने जांच के बाद दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की भी बात भी कही है। बता दें कि इंदौर में जमीन से जुड़े कई फर्जीवाड़े इन दिनों सामने आ रहे हैं।

### 7 लाख की लूट का पर्दाफाश : कर्मचारी ही निकला मास्टरमाइंड

**इंदौर।** ब्रोकरशिप कंपनी के कर्मचारी के साथ 4 मार्च को हुई 7 लाख की लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। कंपनी में काम करने वाला कर्मचारी ही इस लूट का मास्टरमाइंड निकला। उसने अपने दोस्त के साथ मिलकर इस वारदात की साजिश रची थी। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी पहले से कर्ज में डूबा था और इस कर्ज से उबरने के लिए उसने यह योजना बनाई। टीआई संजू कामले के मुताबिक, नवलखा स्थित एक ब्रोकरशिप कंपनी के मालिक आकाश जैन ने अपने कर्मचारी राजू दांगी को 4 मार्च को व्यापारी पवन जोशी से पेमेंट लेने महारानी रोड भेजा था। राजू दोपहर में स्कूटर से निकला और करीब एक घंटे बाद फोन कर बताया कि जब वह पटेल ब्रिज के पास पहुंचा तो नकाबपोश बदमाशों ने चाकू दिखाकर उसका बैग छीन लिया।

### इंदौर के इंजीनियरिंग छात्र की धनबाद में संदिग्ध मौत

**इंदौर।** कोयला नगरी के नाम से मशहूर झारखंड के धनबाद में इंदौर के रहने वाले एक छात्र की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। छात्र का शव धनबाद के आईआईटी-आईएसएम के होस्टल से बरामद किया गया है। मृतक छात्र इंजीनियरिंग के तीसरे वर्ष में था। जानकारी के अनुसार, धनबाद आईआईटी-आईएसएम से इंजीनियरिंग कर रहे तन्मय प्रजापति की लाश होस्टल के बाथरूम से बरामद की गई। तन्मय इंदौर का रहने वाला था। आईआईटी-आईएसएम के सुरक्षा अधिकारी राम मनोहर ने बताया कि तन्मय इंस्टीट्यूट के एक्वामरीन होस्टल की नौवीं मंजिल पर रहता था। करीब रात 10 बजे होस्टल का बाथरूम अंदर से लॉक था। काफी देर तक आवाज लगाने के बाद भी किसी ने दरवाजा नहीं खोला तो गेट तोड़ा गया। इस दौरान छात्र तन्मय बेहोशी की हालत में पड़ा था।

# जनता चौक पर होगी लट्ठमार होली

### राधाकृष्ण रास में मिसाइलों से बनेगा तिरंगा

संवाददाता ● इंदौर

आयोजन

संस्था सृजन अध्यक्ष कमलेश खंडेलवाल संयोजक महेश दलोदरा, गोविन्द गोयल पूर्व पार्षद तनुजा खंडेलवाल ने बताया कि संस्था सृजन के मार्गदर्शक परम पूज्य महामंडलेश्वर उत्तम स्वामीजी ओर केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के सानिध्य में निकाली जा रही संगम कार्नर चल समारोह समिति की परंपरागत समरसता गैर का यह 75 वा वर्ष है इस बार गैर का प्रमुख आकर्षण बरसाना की टीम लट्ठ मार होली खेलती चलेगी वही भगवान राधाकृष्ण की जोड़ी रासरंग करेगी वही बांके बिहारी का ढोल आकर्षण का केंद्र रहेगा खंडेलवाल ने बताया कि देशभक्ति ओर सदभावना से ओतप्रोत युवाओ की टोली देशभक्ति के तरानों पर भांगड़ा करती चलेगी ।

खंडेलवाल ने बताया कि गैर में जहां एक तरफ dj की धुन पर युवा वर्ग देशभक्ति के तरानों पर नाचते चलेंगे ,वही दूसरी ओर पानी की मिसाइल द्वारा 200 फिट ऊपर तक जनता को भिगो कर आत्म साथ करेगी ,वही 8 हजार किलो टेशू के रंग से बनी गुलाल द्वारा शहर के हृदय स्थल राजबाड़ा पर देश की आन बान शान तिरंगा पानी और गुलाल की मिसाइलों से बनाया जायेगा ओर पृथ्वी मिसाइल द्वारा जनता का घरों तक सुगंधित गुलाल से स्वागत किया जायेगा ,वही दूसरी



ओर अग्नि मिसाइल द्वारा जनता को गुलाब के फूल पंखुड़ियों से स्वागत किया जाएगा, वही बरसाना से आई टीम लट्ठ मार होली का मंचन किया जाएगा ,युवाओ की टोली रनगाड़ो , ट्रैक्टर , मेटाडोर ओर डंपर पर जनता को भिगोते हुए चलेगी। खंडेलवाल ने बताया कि परंपरागत गैर को निकालने की शुरुआत से आज तक सभी पुराने आयोजको का गैर प्रारंभ होने के पूर्व मालवा की पगड़ी पहनाकर स्वागत किया जायेगा गैर में राजनैतिक हस्तियां मुख्यमंत्री मोहन यादव, कैलाश विजयवर्गीय , बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, गोलू शुक्ला,महापौर पुष्यमित्र भार्गव, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय,भाजपा अध्यक्ष सुमित मिश्रा,जिला अध्यक्ष श्रवण चावड़ा, आदि अथिति के रूप में मौजूद रहेंगे ।

### दास बगीची पर होगा सात दिवसीय श्रीराम-हनुमान चरित्र महोत्सव

शहर के पश्चिम क्षेत्र स्थित प्रख्यात तीर्थ धाम, संत श्री जय-जय सियाराम बाबा की तपोभूमि श्री सिद्धदास हनुमान मंदिर पर रविवार, 23 मार्च से शनिवार, 29 मार्च तक श्रीराम-हनुमान महोत्सव का भव्य एवं दिव्य आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान प्रख्यात राष्ट्रकवि पं. सत्यनारायण सत्तन के मुखारविंद से प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक दास बगीची पर सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम-हनुमान चरित्र महोत्सव का आयोजन तो होगा ही, समूचे क्षेत्र को भगवा पताकाओं से भी श्रृंगारित किया जाएगा। शुभारंभ शनिवार, 22 मार्च को दोपहर 4 बजे मालू का बगीचा शिक्षक नगर से दास बगीची तक कलश यात्रा के साथ होगा। महोत्सव संयोजक धर्मेश यादव ने बताया कि यह पहला मौका है, जब



सिद्ध पीठ विद्याधाम, अखंडधाम, हंसदास मठ, रोकड़िया सरकार, बड़ा गणपति, वीर बगीची, पंचकुइया धाम, भूतेश्वर महादेव, गंगा बगीची, वनखंडी हनुमान, श्रीराम मंदिर पंचकुइया आदि प्रमुख तीर्थ स्थलों के बीच स्थित दास बगीची परिसर में श्रीराम–हनुमान महोत्सव का यह दिव्य आयोजन देश के प्रख्यात सरस्वती पुत्र, ब्राह्मण रत्न और राष्ट्रकवि पं. सत्यनाराण सत्तन के मुखारविंद से आयोजित किया जा रहा है। इसका शुभारंभ शनिवार, 22 मार्च को शाम 4 बजे शिक्षक नगर स्थित मालूजी के बगीचे से दास बगीची तक भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। घर-घर न्यौता, समूचे क्षेत्र में भगवा पताकाएं- प्रयागराज महाकुंभ में सनातन धर्मावलंबियों की मौजूदगी के विश्व कीर्तिमान से उत्साहित होकर आयोजन समिति द्वारा इस दौरान समूचे क्षेत्र को भगवा पताकाओं से श्रृंगारित कर पूरे क्षेत्र में घर-घर जाकर पीले चावल सहित भक्तों को न्यौता दिया जाएगा। इसके लिए नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, सुदर्शन गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा सहित बड़ी संख्या में विशिष्ट अतिथि इस महोत्सव में भागीदार बनेंगे।

### जीवन का अनिवार्य हिस्सा होना चाहिए धर्म और संस्कृति : मुनि आदित्यसागरजी



संवाददाता ● इंदौर

बड़ा गणपति स्थित मोदीजी की नसिया पर तीन दिवसीय श्री भक्तामर महामंडल विधान अर्चना का शुभारंभ श्रुत संवेगी मुनिश्री आदित्य सागर म.सा. के सानिध्य में शुक्रवार सुबह हुआ। मंडप का उदघाटन हसमुख-उर्मिला गांधी एवं ध्वजारोहण नितिन-प्राची जैन ने किया। मुनिश्री ने इस अवसर पर अपने आशीर्वचन में कहा कि धर्म और संस्कृति जीवन का अनिवार्य हिस्सा होना चाहिए। इस तरह के विधान समाज को सकारात्मक सोच एवं चिंतन प्रदान करते हैं। जीवन में आने वाली विभिन्न समस्याओं के निदान में ऐसे अनुष्ठान हमारा मार्गदर्शन करते हैं। सकल दिगम्बर जैन समाज, समर्पण समूह एवं समस्त गुरू भक्त परिवार के तत्वावधान में प्रारंभ हुए इस महोत्सव में सुबह मांगलिक शुरुआत श्रीजी के अभिषेक एवं विश्व में शांति हेतु शांति धारा के साथ हुई, जिसमें अशोक-उर्मिला गांधी, ऋषभ-रीता पाटनी, ललित-चिराग गोधा, शैलेन्द्र-अभिषेक सोनी, गौरव-सचिन जैन एवं पुष्पेन्द्र जैन ने लाभ उठाया। इस दौरान मुनिश्री अप्रमित सागर म.सा. के मुखारविंद से बीजाक्षर मंत्र दिए गए। गुरु भक्त परिवार चिराग गोधा, अतिशय सोनी, तनय बड़जात्या एवं श्रेयांश गंगवाल ने बताया कि भक्तिमय पूजन के बाद विधान प्रारंभ हुआ, जिसमें सौधर्म इंद्र, कुबेर एवं यज्ञ नायक बने पात्रों ने विभिन्न क्रियाओं में भाग लिया। आज से सौधर्म इंद्र सौरभ-अतुल जैन एवं कुबेर इंद्र आयुष जैन थे।

### महिला दिवस पर 'पंचकन्या' नारी सशक्तिकरण पर चर्चा





**इंदौर।** इंदौर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पंचकन्या वेलफेयर फाउंडेशन एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। 8 मार्च को रवींद्र नाट्य गृह में शाम 4 बजे यह कार्यक्रम होगा। फाउंडेशन की संस्थापक डॉ. समीक्षा नायक ने बताया कि कार्यक्रम में नारी सशक्तिकरण पर चर्चा होगी। समाज में महिलाओं की भूमिका और उनके संघर्षों को भी विस्तार से समझा जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में संगीतमय प्रस्तुति भी होगी। गायिका डॉ. शिल्पा मसूरकर गायन करेंगी। डॉ. रचना शर्मा पुराणिक हारमोनियम पर और माथुर तबले पर संगत करेंगी। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की सदस्य विजयभारती सयानी कार्यक्रम की मुख्य अतिथि होंगी। विशेष अतिथि के रूप में लेखिका और वकील विभावरी बिदवे, लेखिका दीप्ति जे वर्मा और डॉ. आद्या दीक्षित मौजूद रहेंगी। ये सभी पैनल चर्चा में भी हिस्सा लेंगी।

# लोकायुक्त ने पटवारी को रिश्वत लेते पकड़ा

### टीम को देख खेतों में भाग गया, जमीन नपती के लिए मांगे 40 हजार

संवाददाता ● इंदौर

कार्रवाई

इंदौर लोकायुक्त ने शुक्रवार को देपालपुर, इंदौर में कार्रवाई करते हुए पटवारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। पटवारी ने सीमांकन (नपती) के काम के लिए फरियादी से 40 हजार की रिश्वत मांगी थी। मौके पर वह दस हजार की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। महानिदेशक लोकायुक्त जयदीप प्रसाद के भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई संबंधी आदेश पर इंदौर टीम ने यह कार्रवाई की है।

आवेदक संदीप वैष्णव,व्यवसाय खेती-किसानी, निवास ग्राम रुणावदा, तहसील देपालपुर, जिला इंदौर की शिकायत पर पटवारी अक्षत जैन (पिता स्वर्गीय धरमचंद्र जैन, उम्र 32 वर्ष, पटवारी हल्का नंबर 101, तहसील देपालपुर, जिला इंदौर) को पकड़ा गया है।आवेदक एवं उसके दादाजी की ग्राम रुणावदा में कृषि भूमि है, जिसके सीमांकन के



लिए पटवारी अक्षत जैन द्वारा आवेदक से 40,000 रुपए रिश्वत की मांग की जा रही थी। आरोपी द्वारा आवेदक पर दबाव बनाकर 15,000 रुपए पहले ही ले लिए गए थे, और जब आवेदक ने निवेदन किया, तो आरोपी ने 25,000 रुपए रिश्वत राशि तय की। शेष बचे 10,000 रुपए, 7 मार्च को लेना तय किया गया था। इसकी शिकायत आवेदक ने लोकायुक्त एसपी राजेश सहाय, इंदौर को की। सत्यापन में शिकायत सही पाए जाने पर ट्रैप दल का गठन किया गया और आरोपी को 10,000 रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया।

#### टीम को देख खेतों में भाग गया

लोकायुक्त टीम ने जब छापा मारा और उसे पकड़ा, तो वह भागकर खेतों की ओर चला गया, लेकिन टीम ने उसे पकड़ लिया। टीम में जो अधिकारी शामिल थे उसमें निरीक्षक आनंद चौहान, निरीक्षक राहुल गजभिये, निरीक्षक रेणु अग्रवाल, प्रधान आरक्षक रणजीत द्विवेदी, आरक्षक चंद्रमोहन बिष्ट, आरक्षक आशीष नायडू, आरक्षक आशीष आर्य, आरक्षक आदित्य भदौरिया, आरक्षक श्रीकृष्ण अहिरवार, चालक शेर सिंह ठाकुर शामिल है।

### अग्रवाल समाज में गाजे-बाजे के साथ निकले दूल्हा-दुल्हन और बराती

# 22 जोड़ों के ब्याह में देर शाम तक चले रीत-रिवाज

संवाददाता ● इंदौर

समारोह

इंदौर महानगर अग्रवाल समाज द्वारा शुक्रवार को 22 जोड़ों का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। राजीव गांधी चौराहा स्थित शुभ कारज गार्डन में समारोह के दौरान सजे-संवरे समाजजन विवाह की सभी रीति-रिवाजों को करते हुए नजर आए। इस बीच युवाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। स्वर्गीय समाजसेवी रमेशचंद्र अग्रवाल एवं कुंजीलाल गोयल की प्रेरणा से वर्ष 1980 से प्रारंभ की गई इस परंपरा में अब तक 500 से अधिक युगलों के विवाह संपन्न कराए जा चुके हैं। इस वर्ष 22 जोड़े इस सामूहिक विवाह समारोह में परिणय सूत्र में बंधे।



ये जोड़े इंदौर क्षेत्र के साथ ही बुरहानपुर, भोपाल, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, शाजापुर, रतलाम, देवास, देपालपुर और आसपास के कस्बों से आए हैं। सभी युगलों को समाज के वरिष्ठ सेवा भावी बंधुओं के सौजन्य से गृहस्थी चलाने योग्य अनेक उपहार दिया गया। इंदौर महानगर अग्रवाल समाज की ओर से संयोजक राजेश कुंजीलाल गोयल एवं नंदकिशोर कंदोई ने बताया कि प्रमुख संरक्षक गिरीश अग्रवाल, राजेश चेलावत एवं प्रमुख परामर्शदाता विनोद अग्रवाल, दिनेश मित्तल एवं प्रेमचंद गोयल, निर्मल रामरतन अग्रवाल, रामदास गोयल, पवन सिंघानिया, टीकमचंद गर्ग, नीति –पुनीत अग्रवाल विष्णुप्रसाद बिंदल एवं जगदीश बाबाश्री के मार्गदर्शन में सामूहिक विवाह का आयोजन हुआ। विवाह स्थल पर 22 लग्न मंडप, 22 यज्ञ वेदी एवं 22 तोरण तथा 22 पंडितों की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर समाजसेवी पीयूष-निधि गोयल एवं सुनील-डॉ. दिव्या गुप्ता को विशेष आतिथ्य में महानगर अग्रवाल समाज द्वारा वैश्य समाज के युगलों की संस्था 'जिंदगी न मिलेगी दोबारा' का शुभारंभ भी हुआ। यह समूह अग्रवाल-वैश्य समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के बायोडाटा जुटाने से लेकर उनके रिश्ते तय कराने और उन्हें रोजगार के क्षेत्र में उचित परामर्श देने सहित विभिन्न सेवा कार्यों में मदद करेगा। समाजसेवी महेश मित्तल, मनीष खजांची, राजेन्द्र समर्पण, कांता-ओम अग्रवाल, सुरेश-डॉ. संध्या गुप्ता, विष्णुप्रसाद गोयल, रमेश पीठेवाले, अनिल अग्रवाल, गोविंद मंगल, के.के. गोयल कांट्रेक्टर, वर्षा बंसल सहित समाज के सैकड़ों बंधुओं की सहभागिता रही।

### नंदानगर-अग्रवाल बहुल 20 कॉलोनियों के रहवासी आज मनाएंगे रंगारंग फाग

संवाददाता ● इंदौर

अग्रवाल सांस्कृतिक मंच नंदानगर की मेजबानी में पहली बार शहर की अग्रवाल बाहुल्य 20 कालोनियों के समाजबंधुओं का रंगारंग फाग महोत्सव शनिवार, 8 मार्च को शाम 7 बजे से परदेशीपुरा स्थित शिवधाम मंदिर पर नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मेंदोला, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय एवं शिवधाम मंदिर के प्रमुख राजेश विजयवर्गीय के आतिथ्य में होगा।

मंच के प्रमुख मार्गदर्शक गणेश गोयल, विजय मित्तल, अध्यक्ष सोनू अग्रवाल एवं महामंत्री संजय अग्रवाल बताया कि इस अवसर पर राधा-कृष्ण और फागुन के गीतों, भजनों के बीच फूलों की होली भी खेली जाएगी और इत्र की वर्षा भी होगी। इस दौरान रंग-गुलाल का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी विनोद अग्रवाल, प्रेमचंद गोयल, पवन सिंघानिया मोयरा, टीकमचंद गर्ग, विष्णु बिंदल, राजेश बंसल, अरविंद बागड़ी, किशोर गोयल, कुलभूषण मित्तल, संजय बांकड़ा, जगदीश बाबाश्री, पार्षद मृदुल अग्रवाल, नारायण अग्रवाल 420 पापड़वाले, पी.डी. अग्रवाल कांट्रेक्टर, अरविंद अग्रवाल वेल्यूअर, गोविंद गर्ग भमोरी, दिलीप अग्रवाल मेडिकल, अजय गोयल, एस.एन. गोयल, ओम अग्रवाल कोल, गोविंद मंगलश्री, अमिताभ सिंघल, दिलीप गर्ग, नंदकिशोर कंदोई, तृप्ति-अरुण गोयल एवं गोपाल अग्रवाल सहित विभिन्न अग्रवाल संगठनों के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। पूर्व अध्यक्ष अश्विन गोयल, कोषाध्यक्ष सत्यप्रकाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष अरुण गोयल एवं संयोजक शरद अग्रवाल ने सभी आमंत्रित समाजबंधुओं से महोत्सव में शामिल होने का आग्रह किया है।



भाजपा महिला मोर्चा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली कार्यकर्ताओं का किया सम्मान, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के साथ फाग उत्सव भी मनाया

# महिलाएं हर क्षेत्र में आगे हैं, इसका पूरा श्रेय केंद्र की मोदी सरकार को

संवाददाता ● इंदौर

**सम्मान**

भाजपा जिला महिला मोर्चा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शुक्रवार को दीया गार्डन केट रोड पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार, विधायक उषा ठाकुर, जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा, पूर्व जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा व रामस्वरूप गहलोत बतौर अतिथि उपस्थित थे भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष किरण सूर्यवंशी व कार्यक्रम प्रभारी किरण चौहान ने बताया कि समारोह में कविता पाटीदार ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे हैं। केंद्र की मोदी सरकार की महिला हितैषी नीतियों के चलते महिलाएं सशक्त हुई हैं। मोदीजी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नारी शक्ति अधिनियम बनाया है। उषा ठाकुर ने कहा कि भाजपा की सरकारों ने चाहे केंद्र की नरेंद्र मोदीजी के नेतृत्व वाली सरकार हो या प्रदेश की डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार, महिलाओं के आत्मसम्मान की चिंता की है तथा उन्हें संबल बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। श्रवण सिंह चावड़ा ने कहा महिलाओं के उत्थान का श्रेय भाजपा को जाता है। भाजपा सरकार ने मप्र में सबसे पहले महिलाओं को नगरीय निकाय में 33 प्रतिशत, फिर 50 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया है। उसके बाद आरक्षण में भी 33 प्रतिशत पद प्रदेश की बेटियों को देने का काम किया है। ये भाजपा की सरकार है, जहाँ शासकीय आयोजनों में सबसे पहले कन्यापूजन किया जाता है। ये भाजपा की सरकार है, जहाँ बेटियों की कन्या भ्रुण हत्या को रोकने से लेकर लाड़ली बहना तक तमाम योजनाएं बनी हैं, ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर होकर प्रदेश के आर्थिक विकास में सहभागी बन सकें।

### दुपट्टा और शॉल पहनाकर सम्मान

जिला अध्यक्ष किरण सूर्यवंशी ने बताया कि महिला दिवस पर सामाजिक व शैक्षणिक अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला विभूतियों राऊ क्षेत्र की एसीपी रुबीना मिज़वानी, योजना हितग्राही तस्लीम खान और बच्चों को निशुल्क पढ़ाने वाली प्रोफेसर निकिता वर्मा का दुपट्टा व शॉल पहनाकर सम्मान किया गया। मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर फाग उत्सव भी मनाया। फाग गीतों पर महिलाओ ने फाग नृत्य कर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह में युवा मोर्चा अध्यक्ष मनोज ठाकुर, रीता उपमन्यु, हेमलता डागर, रचना छापेकर, सुनयना बियानी, अनुराधा जोशी, मीनू भदौरिया, प्रेरणा यादव, ममता यादव, उमा गोयल, संगीता भार्गव, रितु पाटिल, हीरामणि परमार सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित थीं।

## शॉट न्यूज

### लाखों की एमडी ड्रग्स के साथ तीन लोग गिरफ्तार

इंदौर। आजाद नगर पुलिस ने एमडी ड्रग्स की तस्करी के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से लगभग 50 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई। बताया जा रहा है कि मुख्य आरोपी राजस्थान से इंदौर में ड्रग्स की डिलीवरी देने आया था, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी के चलते उसे पकड़ लिया गया। आजाद नगर पुलिस ने जावेद उर्फ छोटू खान (निवासी झालावाड़, राजस्थान), वसीम पिता राजू खान, निवासी बड़ौद, और सुरेश पिता सखाराम को मूसाखेड़ी इलाके से गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जावेद इंदौर में एमडी ड्रग्स की डिलीवरी देने आया है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ लिया ।

### वृंदावन डेयरी-होटल एस प्राईड पर 1-1 लाख का स्पॉट फाइन

इंदौर। आयुक्त शिवम वर्मा के निर्देशानुसार गंदगी करने, प्रतिष्ठान से निकलने वाली गंदगी को सेप्टिक टैंक निर्माण किये बिना ही सीधे सीवर लाइन में छोडा जाने पर हैवी स्पॉट फाइन करने के निर्देश दिए गए हैं। इस क्रम में झोन क्र. 19 के अंतर्गत स्कीम नंबर 140 स्थित जेएमबी रेस्टोरेंट, वृंदावन डेयरी व होटल एस प्राईड द्वारा प्रतिष्ठान से निकलने वाली गंदगी को सेप्टिक टैंक निर्माण किये बिना ही सीधे सीवर लाइन में छोडा जाने पर 1-1 लाख का स्पॉट फाइन किया गया। बता दें कि झोन क्र. 19 वार्ड 50 के अंतर्गत स्कीम नंबर 140 में कई दिनो से सीवर लाईन चौक होने की शिकायत प्राप्त हो रही थी।

### अबू आजमी के पुतले को डंडे और चप्पलों से पीटा, फिर जलाया

इंदौर। अबू आजमी द्वारा मुगल शासक औरंगजेब की तारीफ करने पर इंदौर में संस्था देवपथ के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोग शिवाजी वाटिका चौराहे पर एकत्रित हुए और "अबू आजमी मुर्दाबाद" के नारे लगाए। अबू आजमी के पुतले को चप्पल और डंडों से पीटने के बाद आग के हवाले कर दिया गया। फिल्म पर चर्चा के दौरान अबू आजमी ने औरंगजेब का महिमामंडन करते हुए कहा था कि, "औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए, वह क्रूर शासक नहीं था। छत्रपति संभाजी महाराज और औरंगजेब के बीच धार्मिक नहीं, बल्कि सत्ता की लड़ाई थी।"संस्था देवपथ के संयोजक मुकेश सिंह राजावत के नेतृत्व में समर्थकों ने शिवाजी वाटिका पर प्रदर्शन किया।

भाजपाइयों ने मंत्री, सांसद, महापौर, विधायकों के साथ देखी 'छावा'

# राणा-महाराणा के देश में औरंगजेब को महान बताने वाले को गाड़ दे

संवाददाता ● इंदौर

**प्रदर्शन**

भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए मंगल सिटी मॉल स्थित आईनॉक्स में छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित ऐतिहासिक फिल्म 'छावा' का विशेष प्रदर्शन किया गया। इसके पहले पार्टी के पितृपुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर अतिथि वक्ताओं ने कहा कि राणा सांगा और महाराणा प्रताप के देश में औरंगजेब को महान बताने वाले को गाड़ने में जरा भी देर नहीं करना चाहिए।

बता दें कि फिल्म शुरू होने से पहले कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ "जय भवानी-जय शिवाजी" और "हर हर महादेव" के नारों से माहौल को जोशीला बना दिया। जैसे ही फिल्म शुरू हुई, पूरे थिएटर में वीरता और राष्ट्रभक्ति का जज़्बा साफ झलकने लगा। फिल्म के दौरान भी कई बार "संभाजी महाराज की जय" के नारे गूंजे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, तुलसीराम सिलावट, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला, जीतू जिराती, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, आकाश विजयवर्गीय, संजय शुक्ला, विशाल पटेल, पूर्व महापौर उमाशशि शर्मा, सूरज कैरो, जयपाल सिंह चावड़ा, डॉ. निशांत खरे, मुन्नालाल यादव, हरिनारायण यादव सहित पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी व सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### वीरता, बलिदान और धर्म के प्रति अटूट निष्ठा की गाथा

'छावा' फिल्म छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है, जिन्होंने हिंदू स्वराज व धर्म की रक्षा के लिए मुगलों के खिलाफ संघर्ष किया। मुगलों द्वारा अमानवीय यातनाओं के बावजूद उन्होंने कभी भी झुकने से इनकार कर दिया तथा धर्म के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। फिल्म में उनके साहस, बलिदान व अडिग संकल्प को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया है।



### युवा पीढ़ी से फिल्म देखने की अपील

इस मौके पर नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि "'छावा' केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि यह एक प्रेरणादायक गाथा है, जो हमें हमारी गौरवशाली संस्कृति और इतिहास से जोड़ती है। यह फिल्म खासतौर पर युवा पीढ़ी को देखनी चाहिए, ताकि वे संभाजी महाराज के संघर्ष व बलिदान को समझें और अपने संस्कारों तथा संस्कृति से जुड़ें। पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी इस फिल्म को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने की अपील की और खासतौर पर युवाओं को यह फिल्म देखने के लिए प्रेरित किया। सभी ने कहा कि इतिहास से प्रेरणा लेकर हमें अपनी संस्कृति व स्वाभिमान को मजबूत करना चाहिए।

### "संभाजी महाराज का बलिदान हमें प्रेरणा देता है"

फिल्म देखने के बाद कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि संभाजी महाराज का जीवन केवल वीरता की कहानी नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा आदर्श है जो हमें अपने धर्म, स्वराज और मातृभूमि के लिए बलिदान देने की प्रेरणा देता है। मुगलों की क्रूर यातनाओं के बावजूद उन्होंने अपने धर्म और राष्ट्र के प्रति अटूट निष्ठा दिखाई।

### करणी सेना ने भगवा रंग के टिश्यू पेपर पर जताया विरोध

इंदौर। शहर के एक प्रतिष्ठित मॉल के रेस्टोरेंट में हाथ पोंछने के लिए भगवा रंग का नैपकिन देने पर करणी सेना के समर्थक भड़क गए। दरअसल लंच करने पहुंचे करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने मौके पर ही इस बारे में कड़ा विरोध जताया। करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग प्रताप राघव ने रेस्टोरेंट संचालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि आपकी बुद्धि सड़ गई है क्या। अगर रंग रखना भी है तो दूसरा कोई रंग का रखो। केसरिया रंग हमारी आन, बान, शान का प्रतीक है। इस बार तो चेतावनी देकर छोड़ दिया हैं। अगर अब भगवा रंग ऐसी किसी भी वस्तु में मिला तो होटल तहस-नहस कर देंगे। यहां एक कंकड़ भी नहीं मिलेगा।



अभ्यास मंडल ने महिला दिवस पर उत्कृष्ट महिलाओं का किया सम्मान

# नारी के रूप में जन्म लेना ही सबसे बड़ा सम्मान है : कविता पाटीदार

संवाददाता ● इंदौर

अभ्यास मंडल ने महिला दिवस की पूर्व संध्या पर विभिन्न क्षेत्र में समर्पण व कार्यदक्षता से कार्य किया है। उनका प्रशस्ति पत्र व शॉल देकर सम्मान किया गया। यह सम्मान राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार के मुख्य आतिथ्य में प्रदान किया गया। इस मौके पर कविता पाटीदार ने महिला दिवस के महत्व को बताते हुए सम्मानित हो रही महिलाओं को शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होंने ने कहा कि 365 दिन ही महिला दिवस होता हे । नारी को समाज में महिला आरक्षण का बिन्दु नही बल्कि अपने उत्कर्ष का गौरव स्थापित करना है, क्योंकि भारत जैसे देश मे नारी के रूप में जन्म लेना ही सबसे बड़ा सम्मान है। समारोह में चिकित्सा क्षेत्र से डॉ. सुनंदा जैन, विधि क्षेत्र से अभिभाषक मीना चाफेकर, खेल क्षेत्र से सुषमा गोलवलकर, प्रशासनिक क्षेत्र से अलका सोनकर (जेल अधीक्षक), उद्योग क्षेत्र से अंकिता खाबिया और समाज सेवा क्षेत्र से डॉ. अर्पणा श्रीवास्तव का सम्मान किया गया। समारोह में अभ्यास मंडल की सचिव मालासिंह ठाकुर ने कहा कि हमें इन सेवाभावी महिलाओं का सम्मान करते हुए गौरव की अनुभूति हो रही हैं। अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता ने स्वागत किया। कार्यक्रम संचालन पल्लवी आढ़ाव ने किया। आभार वैशाली खरे माना। समारोह में बड़ी संख्या में युवा वर्ग और महिलाएं उपस्थित थीं।

# बसों में आज महिलाएं कर सकेंगी फ्री सफर

### AICTSL की अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पहल

संवाददाता ● इंदौर

अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को एक खास तोहफा दे रहा है। 8 मार्च को सभी सिटी बसों, आई बस और ई-बसों में महिलाएं मुफ्त में सफर कर सकेंगी। महापौर और AICTSL बोर्ड अध्यक्ष पुष्यमित्र भार्गव ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। हर साल की तरह इस साल भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर AICTSL बस में सफर करने वाली महिला-बहनों को 8 मार्च को निःशुल्क सफर करने का तोहफा दे रहा है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि महिलाओं के सम्मान में 8 मार्च को महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। इंदौर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करने वाली घर के काम के साथ-साथ बाहर निकलकर समाज में काम करने वाली हमारी सभी माता-बहनों के लिए शनिवार को AICTSL की सभी बसों का सफर निशुल्क रहेगा। देखा जाए तो अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के लिए फ्री सफर होने से महिलाओं को न तो टिकट खरीदना पड़ेगा न ही उन्हें कोई पास बताना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि इंदौर में AICTSL की बसों का कामकाजी महिलाओं-युवतियों के साथ ही बड़ी संख्या में छात्राओं द्वारा आने-जाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

16 वें वित्त आयोग के सदस्यों को पसंद आया स्वच्छता का मॉडल

# सोचा नहीं था, कचरा भी हो सकता है सुंदर

संवाददाता ● इंदौर

शहर में शुक्रवार को सोलहवें वित्त आयोग के सदस्यों ने सफाई व्यवस्था देखी ट्रेंचिंग ग्राउंड का दौरा भी किया। उन्हें इंदौर का स्वच्छता मॉडल इतना पसंद आया कि वे बोल उठे- हमने सोचा भी नहीं था कि कचरा इतना सुंदर हो सकता है। स्वच्छता को लेकर इंदौर में वाकई अच्छा व अनूठा काम हुआ है। इंदौर शहर में किए गए विकास कार्यों और ग्रांट्स के उपयोग को लेकर सदस्य एनी जॉर्ज मैथ्यू, मनोज पांडा, डॉ. सौम्य कांति घोष और ऋत्विक पांडे ने प्रसन्नता व्यक्त की। एनी जॉर्ज मैथ्यू का कहना था कि इंदौर को ग्रांट्स मिली और उनका उपयोग जिस तरीके से हुआ, यह देखकर अच्छा लगा। यह तरीका अन्य राज्यों के लिए एक आदर्श हो सकता है। आयोजन के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रबुद्ध नागरिकों ने वित्त आयोग के सदस्यों को कुछ सुझाव दिए, जिन पर विचार करने की बात भी सदस्यों ने कही। ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित बैठक में एनी जॉर्ज मैथ्यू ने कहा कि इंदौर का एक अनोखा कल्चर है, जहां सरकार, प्राइवेट सेक्टर और नागरिक मिलकर काम करते हैं।



### कब तक हम जनता की जेब काटते रहेंगे

नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने भाषण में मजाकिया अंदाज में कहा कि आयोग विकास के लिए ज्यादा पैसा दे, कब तक हम जनता की जेब काटते रहेंगे। इसके बाद हॉल में ठहाके गूंजने लगे। विजयवर्गीय ने आगे कहा कि इस शहर के संवारने में इंदौर की जनता और बुद्धिजीवियों का बहुत बड़ा योगदान है। हमारी ब्यूरोक्रेसी में कोई ईगोइस्ट नहीं है, और हमें प्रशासनिक टीम का बहुत अच्छा सहयोग मिला है।

# रिश्तों को मजबूत करने के लिए प्यार और सराहना से बेहतर कुछ नहीं

तुम्हारा बड़ा भाई तुम्हारा ख्याल रखेगा। वह बहुत ही नेक है, जब घर में मेहमान आते तो वे ऊंची आवाज में यह कहती थीं। वे चाहती थीं कि उनका बड़ा बेटा अपनी छोटी बहन का ख्याल रखे। कभी-कभी वे बहन के सामने भाई के काम की सराहना करते हुए कहती थीं, ह्यदेखो उसने तुम्हारे बालों को कितने अच्छे से संवारा है, तुम रानी जैसी लग रही हो।ह्ल और कभी-कभी वे कहतीं, ह्यकल भले ही हम न हों, पर मुझे तुम्हारी चिंता करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि तुम्हारा बड़ा भाई हमेशा तुम्हारा ख्याल रखने के लिए मौजूद है। ये उन सैकड़ों प्रशंसाओं में से कुछ हैं, जो मैंने बड़े होते समय अपनी मां से तब सुनी थीं, जब वे मेरी दो साल की बहन से बात कर रही होती थीं। मुझे नहीं पता कि मेरी बहन उन गम्भीर वाक्यों को समझ पाती थी या नहीं, लेकिन उस समय दस साल का बड़ा भाई- यानी मैं उसे अच्छी तरह से समझता था।

जब भी मेरी मां ऊपर कही बातों जैसा कुछ कहतीं तो बहन के लिए मेरे अंदर प्यार उमड़ पड़ता। मैं उसके प्रति बहुत केयरिंग हो जाता। अगर आज भी हम भाई-बहन के बीच का रिश्ता मजबूत है तो इसका पूरा श्रेय दशकों पहले मां द्वारा जोड़े गए प्रेम के उस बंधन को जाता है। पिछले सप्ताहांत मुझे साढ़े पांच दशक पुरानी ये बातें तब याद आ गईं, जब एक वीभत्स घटना ने पूरे मुंबई को हिलाकर रख दिया। मुंबई के एक सुदूर उपनगर नालासोपारा में छह साल की बच्ची की उसके 13 साल के चचेरे भाई ने बेरहमी से हत्या कर दी थी।

> **जब भी मेरी मां ऊपर कही बातों जैसा कुछ कहतीं तो बहन के लिए मेरे अंदर प्यार उमड़ पड़ता। मैं उसके प्रति बहुत केयरिंग हो जाता। अगर आज भी हम भाई-बहन के बीच का रिश्ता मजबूत है तो इसका पूरा श्रेय दशकों पहले मां द्वारा जोड़े गए प्रेम के उस बंधन को जाता है। पिछले सप्ताहांत मुझे साढ़े पांच दशक पुरानी ये बातें तब याद आ गईं,जब एक वीभत्स घटना ने पूरे मुंबई को हिलाकर रख दिया।**

उसे लगता था कि उसके परिवार के लोगों सहित उसके घर आने-जाने वाले रिश्तेदार और पड़ोसी भी उससे ज्यादा उस बच्ची को प्यार करते हैं। नाबालिग आरोपी बच्ची को खेलने के बहाने एक सुनसान जगह पर ले गया और गला घोंटकर उसकी हत्या करने के बाद एक बड़े पत्थर से उसका चेहरा कुचल दिया। उसने पुलिस को बताया कि उसने यह कृत्य रामन राघव के बारे में एक फिल्म देखने के बाद किया था, जो 1960 के दशक में बम्बई का सीरियल किलर हुआ करता था। वह अपने सभी शिकारों पर ठोस और धारदार हथियार से हमला करता था। जब पुलिस ने किशोर से उसके कृत्य के बारे में पूछा तो उसने जवाब दिया कि वह गुस्से में था, क्योंकि सभी लोग उसे नजरअंदाज करके उसकी चचेरी बहन पर प्यार बरसाते रहते थे। यह घटना किशोरावस्था के दौरान भावनात्मक विकास और पारिवारिक गतिशीलता की जटिलताओं की ओर ध्यान आकर्षित करती है। मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि अगर किसी बच्चे को लगता है उससे ज्यादा किसी और को प्यार किया जा रहा है तो इससे दूसरे बच्चे में ईर्ष्या और गुस्सा पैदा हो सकते हैं।

कभी-कभी ये भावनाएं चरम सीमा तक पहुंच जाती हैं, जैसा कि ऊपर वाले मामले में हुआ। पिछले पचास सालों में दुनिया बहुत बदल गई है। दोस्तों द्वारा बुलीइंग पहले बहुत कम थी, लेकिन 70 और 80 के दशक के मध्य में यह काफी हद तक बढ़ने लगी। 1975 के बाद से समाज में आक्रामकता का महिमामंडन देखा जाने लगा, जो कि उस समय की फिल्मों में नजर आता है। और फिर आधुनिक तकनीक के चलते माता-पिता का इस पर से नियंत्रण खो गया कि उनका बच्चा स्क्रीन पर क्या देख रहा है।

दूसरी ओर मानवीय इच्छाएं बढ़ी हैं। बढ़ते भौतिक उपभोग ने माता-पिता दोनों को परिवार की वित्तीय जरूरतों में योगदान देने के लिए मजबूर किया है, जिसके कारण उन्हें अपने बच्चों को बाहरी लोगों की देखभाल में छोड़ना पड़ रहा है। इससे भी बच्चों पर से माता-पिता की निगरानी घटी है। कुछ मामलों में मनोवैज्ञानिक अपोजिशनल डिफायंट डिसऑर्डर (ओडीडी) को इसका कारण बताते हैं, जो ज्यादातर बचपन में ही होता है। ओडीडी से पीड़ित बच्चे अपने दोस्तों, माता-पिता, शिक्षकों और अन्य के प्रति असहयोगी, अवज्ञाकारी और शत्रुतापूर्ण व्यवहार का पैटर्न दिखाते हैं। वे दूसरों को ज्यादा परेशान करते हैं। और इसकी सबसे अच्छी दवा प्यार है।

## संत वचन

*जल्द ही वसंत पंचमी आने वाली है। यह त्योहार अपने पीले कपड़ों, खान-पान के लिए भी जाना जाता है। लोग अपने-अपने घरों में सरस्वती मां की पूजा करते हैं। सनातन धर्म में वसंच पंचमी का विशेष महत्व होता है। माना जाता है कि वसंत पंचमी के दिन सरस्वती मां की पूजा करने से ज्ञान और विद्या का आशीर्वाद मिलता है। ऐसे में अगर आपके घर में नन्ही परी का जन्म हुआ है और उसके नाम को लेकर कंफ्यूज है तो हम आपके लिए लेकर आए हैं ऐसे नाम, जो मां सरस्वती के नाम पर आधारित हैं। आइए जानते हैं कि इन नामों का क्या मतलब है।घर में जब लड़की का जन्म होता है तो घर वाले सबसे पहले उसके नाम को लेकर काफी परेशान रहते हैं।*

*हर माता-पिता चाहते हैं कि वह अपने बच्चे का नाम ऐसा रखें, जो काफी अलग हो और आगे चलकर बच्चा अपने नाम को सार्थक करे।*

# भ्रष्टाचार के मुद्दे को चुनाव में नैरेटिव बना सकता है एनडीए

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की घटती लोकप्रियता और विधानसभा चुनाव के लिए नीतीश को एक बार फिर एनडीए के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश करने की भाजपा की अनिच्छा के बावजूद इस समय एनडीए बिहार में बढ़त बनाए हुए है। इसके तीन कारण हैं- पहला, हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में भाजपा की शानदार जीत के बाद उसके प्रति मतदाताओं का रुझान, दूसरा, इंडिया गठबंधन सहयोगियों की तुलना में एनडीए में अधिक सामंजस्य, और तीसरा, एनडीए के दो मुख्य गठबंधन सहयोगियों भाजपा और जदयू के बीच किसी तरह की कोई उलझन का नहीं होना।लोकसभा चुनाव में बहुमत न मिलने से भाजपा का उत्साह कुछ हद तक कम हुआ था, लेकिन हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में जीत ने पार्टी को फिर से आत्मविश्वास से भर दिया है। पार्टी कार्यकर्ताओं में जोश है। यूपी में 10 से अधिक विधानसभा सीटों के लिए हुए उपचुनावों में भाजपा के शानदार प्रदर्शन से भी पार्टी में उत्साह है, क्योंकि यूपी ऐसा राज्य है, जहां लोकसभा चुनाव में भाजपा को झटका लगा था।

**एडिट.नोट**

हाल ही में हुए उपचुनाव में मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर जीत को भाजपा ने प्रतिष्ठित फैजाबाद लोकसभा सीट पर मिली हार का बदला माना है, क्योंकि मिल्कीपुर अयोध्या जिले में ही है। इन सब बातों ने न केवल पार्टी नेताओं को आश्वस्त किया है, बल्कि ये जीतें खासकर उत्तर भारत के राज्यों में भाजपा के निरंतर चुनावी समर्थन का भी संकेत हैं। हमें नहीं भूलना चाहिए कि लोकसभा चुनाव में भले ही भाजपा का प्रदर्शन यूपी, राजस्थान और हरियाणा जैसे कुछ हिंदीभाषी राज्यों में अपेक्षानुरूप न रहा हो, लेकिन वह बिहार में अपना दबदबा बनाए रखने में सफल रही थी। यह बताता है कि एनडीए को बिहार के मतदाताओं के बीच पर्याप्त समर्थन प्राप्त है और भाजपा, जदयू या उसके सहयोगियों के जनाधार में कोई कमी नहीं दिख रही है। बिहार में वैसे तो कई राजनीतिक दल हैं, लेकिन विधानसभा चुनाव में मुख्य मुकाबला एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच ही होगा। हालांकि इससे इनकार नहीं किया जा सकता है कि कुछ अन्य दल अकेले चुनाव लड़ेंगे और दोनों प्रमुख गठबंधनों में से किसी का भी हिस्सा बनने से इनकार करेंगे।

लोकसभा चुनाव के दौरान एनडीए में शामिल दलों के गठबंधन का हिस्सा बने रहने के स्पष्ट संकेत हैं, लेकिन इस बात पर अभी भी संदेह है कि कौन-सी पार्टियां इंडिया गठबंधन का हिस्सा बनेंगी। यह सच है कि बिहार में कांग्रेस और राजद दशकों से गठबंधन में हैं, लेकिन 2020 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन और हाल ही में हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र, जम्मू और कश्मीर, झारखंड जैसे कई राज्यों के चुनावों में भी निराशाजनक प्रदर्शन को देखते हुए राजद के वरिष्ठ नेता कांग्रेस के साथ गठबंधन करने को लेकर दुविधा में हैं। सीटों के बंटवारे को लेकर भी संदेह है। 2020 के विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस 9.5% वोट शेयर के साथ 70 में से केवल 19 सीटें जीत पाई थी। कई लोगों ने वहां यूपीए गठबंधन की हार के लिए कांग्रेस के खराब प्रदर्शन को जिम्मेदार ठहराया था। हालांकि हाल ही में इंडिया गठबंधन जम्मू और कश्मीर में सरकार बनाने में कामयाब रहा है, लेकिन उमर अब्दुल्ला ने भी चुनावों में कांग्रेस के प्रदर्शन पर नाखुशी जताई।कुछ समय पूर्व राजद सुप्रीमो लालू यादव ने कहा था कि ममता बनर्जी कांग्रेस की तुलना में इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए बेहतर हैं। कांग्रेस ने हरियाणा में अपनी हार के लिए आप को जिम्मेदार ठहराया था और आप ने दिल्ली चुनाव में हार के बाद कांग्रेस के बारे में भी यही कहा।

**विराग गुप्ता, - लेखक**

# एआई के दौर में हो सरकारी नौकरियों में भर्ती का रिव्यू

25 लाख से ज्यादा काबिल वकीलों वाले हमारे देश की जिला अदालतों में एक चौथाई और हाईकोर्टों में एक तिहाई जजों के पद खाली हैं। नियमित भर्ती के बजाय हाईकोर्टों में तदर्थ जजों की अल्पकालिक नियुक्ति को सुप्रीम कोर्ट से मंजूरी मिल गई है। इससे दो बिंदु सामने आते हैं। पहला, नियमित भर्ती के बजाय संविदा या आउटसोर्सिंग के शॉर्टकट से सिस्टम चलाना आसान है। दूसरा, रिक्त पदों पर भर्ती के बगैर नए पद सृजित करने का क्या औचित्य है? आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार 2018 से 2022 के बीच चार वर्षों में 8 करोड़ रोजगारों का सृजन हुआ है। लेकिन इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2024 में बेरोजगार लोगों में 83 फीसदी युवा हैं, जो वर्ष 2000 में सिर्फ 35.2 फीसदी थे। इस बार के बजट में रोजगार से जुड़ी 5 योजनाओं में 2 लाख करोड़ रुपए के आवंटन से 4.1 करोड़ युवाओं को फायदा मिलने का दावा किया जा रहा है। रोजगार से जुड़े 4 मुद्दों पर विमर्श जरूरी है।

वेतन आयोग : देश में लगभग 100 करोड़ लोगों की वर्कफोर्स है, जिनमें लगभग 2 करोड़ लोग सरकारी नौकरी का हिस्सा हैं। चीन में 4.6 और अमेरिका में 6.9 फीसदी लोग सरकारी नौकरी में हैं। सिर्फ केंद्र सरकार इस साल वेतन के मद में 1.66 लाख करोड़ और पेंशन में 2.77 लाख करोड़ खर्च करेगी। दो साल बाद नए वेतन आयोग की सिफारिशें लागू होने पर केंद्र सरकार में सचिव पद से रिटायर अधिकारी को 2.50 लाख रुपए महीने से ज्यादा की पेंशन मिल सकती है। दूसरी तरफ आउटसोर्सिंग में पूरी मेहनत से काम कर रहे कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन भी नहीं मिल रहा। दिल्ली में एमसीडी और दूसरे राज्यों में संविदा कर्मियों को नियमित सरकारी नौकरी का दर्जा देना सरकारों के लिए अब टेढ़ी खीर हो गया है।

संविदा : एड-हॉक जजों को नियमित जजों की तरह वेतन-भत्ते और सुविधाएं मिलेंगी। लेकिन संविदा में नियुक्त अधिकांश कर्मियों को न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुविधाओं का लाभ नहीं मिलता। लेबर फोर्स सर्वे की रिपोर्ट के अनुसार भारत की वर्क फोर्स में 20.9 फीसदी लोग वेतनभोगी हैं। लेकिन उनमें से दो तिहाई को 20 हजार रुपए महीने से कम मिलता है। हरियाणा में 15 हजार रुपए महीने पर संविदा सफाई कर्मचारियों की भर्ती के लिए 46 हजार ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट युवाओं ने आवेदन किया है। कुम्भ के सफल आयोजन के बाद योगी सरकार ने सफाई कर्मियों के वेतन को 11 हजार से बढ़ाकर 16 हजार महीने का वायदा किया है, जो न्यूनतम वेतन के कानूनी मापदंड से कम है। एआई : मुख्य सचिव रैंक के एक पूर्व अधिकारी की सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार लोगों के पास काम नहीं है, काम के लिए योग्य लोग नहीं हैं और काम में रखे गए लोग किसी काम के नहीं हैं! रिपोर्टों के मुताबिक 53 फीसदी इंजीनियर किसी भी इंडस्ट्री में रोजगार के योग्य नहीं हैं।

कुशल इंजीनियर उपलब्ध नहीं होने से पिछले साल टीसीएस में 80 हजार वैकेंसीज में भर्ती नहीं हो सकी। तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश में 10 हजार करोड़ से इंडिया एआई मिशन पर काम हो रहा है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की रिपोर्ट के अनुसार एआई से 22 फीसदी नौकरियां प्रभावित हो सकती हैं। एआई के आगमन के बाद बड़े पैमाने पर स्टार्टअप और टेक कम्पनियां लाखों लोगों की छंटनी कर रही हैं। कुशल कामगारों के अभाव में जीडीपी में बढ़ोतरी के बावजूद रोजगार का संकट बढ़ रहा है।

विनियम आयोग : भारत में नौकरशाही को जंग लगे जहाज की ब्रिटिश विरासत कहा जाता है। केंद्र ने 1500 से ज्यादा पुराने कानूनों को रद्द करने के साथ ही जन-विश्वास कानून से 183 छोटे अपराधों को गैर-आपराधिक घोषित किया है। प्रधानमंत्री ने विनियमन आयोग के गठन करने की बात कही है। सरकारी नौकरियों में कई दशक पुराने काम के आधार पर वैकेंसी का निर्धारण होने से अराजकता बढ़ रही है। छत्तीसगढ़ में 36 करोड़ रु. में खोले गए लगभग 100 स्कूलों में भर्ती शिक्षक ही भृत्य का काम भी कर रहे हैं। बिहार में चुनाव के पहले 12 लाख लोगों को सरकारी नौकरी और सवा लाख शिक्षकों को नियुक्ति-पत्र देने का वादा हो रहा है।

## बिजनेस. न्यूज

# हल्दी और जीरे में तेजी की उम्मीद नहीं

**व्यापार प्रतिनिधि ● इंदौर**

कम भाव में भी हल्दी व जीरे में कारोबार सुस्त है। हल्दी ईरोड 200 रुपए घटकर 12,700 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर आ गई। हाल ही में इसमें इतनी ही मंदी आई थी। सटोरियों की बिकवाली बढ? से सक्रिय वायदा 248 रुपए या 2.03 प्रतिशत टूटकर 11,950 रुपए पर आ गया। इससे बाजार की धारणा प्रभावित हो सकती है। आगामी एक-दो दिनों में हाजिर में हल्दी बढ? की उम्मीद नहीं दिख रही है। ऊंझा में जीरे की आवक बढ़कर 40-45 हजार बोरियों की होने से स्थानीय बाजार में भी हल्दी मंदी है। हाल ही में इसमें 100 रुपए का सुधार हुआ था। लेकिन सटोरियों की लिवाली सुस्त पडड़े से हाजर जीरा तेज होने की संभावना नहीं है।

शकर 4220-4240 बेस्ट क्वालिटी 4230-4250, गुड़ भेली 3500-3600, कटोरा 3700-3800, लड्डू 4100-4200, बर्फी 5500, गिलास 4600-5000 रुपए क्विंटल।

नारियलः 120 भरती 2450-2500, 160 भरती 2850-2900, 200 भरती 3150-3200, 250 भरती 3250-3300 रुपए प्रति बोरी। खोपरा गोला बाक्स में 160-200, कट्टे में 155-160 रुपए प्रति किलो बोला गया। खोपरा बूरा 3800-5800 रुपए प्रति (15 किलो)।

पूजन सामग्रीः देशी कपूर 700 से 710, पूजा बादाम 115 से 125, बेस्ट 220 से 230, पूजा सुपारी 425 से 450, अरीठा 180 रुपये। केसर 155 से 191, रुपए प्रति ग्राम, सिंदूर (25 किलो) 7450 रुपए।

साबूदाना-सच्चामोती एगमार्क (500) 5940, एगमार्क (500 ग्राम) 6070 साबूदाना चक्र एगमार्क 5950, गोपाल लूज (25 किलो) 5400, कुकरीजाकी मोरधन (500 ग्राम)- 9300 रुपये। रायलरतन साबूदाना (1 किलो) 5850, व लूज 5350, मोरधन 10500 सच्चामोती (रजिस्ट्र) (1 किलो) 5700 व (500 ग्राम) 5760, लूज 5200 पोहा एक किलो 5800 व 35 किलो पैकिंग में 4800 व मोरधन 9500 रुपये।

मसाले-कालीमिर्च 675 से 680, मिनिमटर 695 से 725, मटरदाना 750 से 775, हल्दी निजामाबाद 170 से 210, हल्दी सांगली 260 से 265, जीरा 245 से 255, मीडियम 260 से 275, बेस्ट 290 से 300, सौंफ मोटी 100 से 125, बेस्ट 240 से 285, एक्स्ट्रा बेस्ट 310 से 350, बारीक 280 से 325, लौंग चालू 765 से 775, बेस्ट 800 से 810, दालचीनी 250 से 255, बेस्ट 265, जायफल 750 से 775, बेस्ट 800 से 820, जावत्री 1675 से 1775, बेस्ट 1875 से 1900, बड़ी इलायची 1850 से 1950, बेस्ट 2050 से 2250, पत्थरफूल 350 से 425, बेस्ट 470 से 475, बाद्यान फूल 415 से 440, बेस्ट 525, शाहजीरा खर 375 से 390, ग्रीन 875 से 885, तेजपान 480 से 500, नागकेसर 925, सौंठ 270 से 325, धोली मूसली 2175 से 2200, हींग 751- 3450, पाउच में 10 ग्राम 3530, 121- 50 ग्राम 3250, पाउच में 10 ग्राम 3330, 111-50 ग्राम 3050, पाउच में 10 ग्राम 3130, पावडर 875 से 925, हरी इलायची 2950 से 3050, मीडियम 3175 से 3350, बेस्ट 3450 से 3500, एक्स्ट्रा बेस्ट 3550 रुपए। सूखा मेवा-काजू डब्ल्यू 240 नंबर 950, काजू डब्ल्यू 320 नंबर 825 से 860, काजू एस डब्ल्यू 300- 800 से 815, काजू जेएच 850 से 870, टुकड़ी 800 से 840, बादाम इंडिपेंडेंट 700 से 720, बेस्ट 760 से 770 अमेरिकन 770-780, मोटा दाना 850 से 900, तरबूज मगज 490 से 520, खसखस चालू 850 से 1050, बेस्ट 1100 से 1150, दिल्ली टर्की खसखस 1200 से 1225 खारक 85 से 95, मीडियम 115 से 165, बेस्ट 185 से 275, किशमिश कंधारी 320 से 350, बेस्ट 450 से 550, इंडियन 205 से 210, बेस्ट 220 से 230, चारोली 1900 से 1950, मुनक्का 350 से 550, बेस्ट 850 से 925, अंजीर 850 से 975, बेस्ट 1175 से 1575, रुपए। मखाना 1175 से 1170 बेस्ट 1650 से 1675, पिस्ता ईरानी 1400-1450 मीडियम 1450-1500 बेस्ट 1525-1550, कंधारी मोटा 2150-2250 पिस्ता पिशोरी 2475-2600 नमकीन पिस्ता 850 से 900, अखरोट 475 से 550, बेस्ट 600 से 625, अखरोट गिरी 675 से 875 रुपए।

**राज-काज**

## सोने में मुनाफावसूली, चांदी स्थिर

**इंदौर।** ऊंचे भाव पर सोने में मुनाफा वसूली देखी जा रही है। इससे सोने का भाव थोड़ा घटकर 87700 का रहा, जबकि चांदी 97500 रुपए पर स्थिर है। उधर, चीन के विदेश मंत्रालय ने कहां है कि चीन किसी भी युद्ध के लिए तैयार है फिर वह चाहे टैरिफ वॉर या ट्रेड वॉर। चीन हर तरह की स्थिति का सामना करने में सक्षम है और अमेरिका बेवजह चीन पर टैरिफ लगाकर दबाव बनाना चाहता है। बयान में कहा कि बातचीत के रास्ते खुले हुए हैं। अमेरिका चाहे तो बातचीत कर टैरिफ विषय को सुलझाया जा सकता है। रूस-यूक्रेन युद्ध भी नए-नए मोड़ लेकर अंत की ओर अग्रसर है। अमेरिका, रूस, यूक्रेन एवं यूरोपीय देश सभी युद्ध विराम चाहते हैं, पर सभी की शर्तें अलग-अलग है। इस पर जल्द सहमति बनने की उम्मीद है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 2897$, ऊपर में 2926, नीचे में 2891 डॉलर प्रति औंस व चांदी 3238, ऊपर में 3277, नीचे में 3226 सेंट पर है।

# भारतीय विदेशों में खूब खरीद रहे हैं प्रॉपर्टी

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

विदेशों में संपत्ति रखने वाले या खरीदने वालों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि 30,000 से ज्यादा टैक्सपेयर्स ने 29,000 करोड़ रुपये की विदेशी संपत्ति घोषित की है। उइऊ्र के एक अभियान के बाद यह खुलासा हुआ है।इस अभियान में करदाताओं को अपनी विदेशी संपत्ति की जानकारी देने के लिए प्रोत्साहित किया गया था। साथ ही, 6,734 करदाताओं ने अपनी स्थिति 'निवासी' से 'अनिवासी' में बदल दी है। इन लोगों ने 1,090 करोड़ रुपये की अतिरिक्त विदेशी आय की घोषणा की है। इस दौरान औसतन हर करदाता ने लगभग 1 करोड़ रुपये की विदेशी संपत्ति घोषित की है। गौरतलब है कि आयकर विभाग ने 19,000 से ज्यादा करदाताओं को नोटिस भेजा था।

लगभग 125 देशों के बीच सूचना साझा करने की व्यवस्था है। भारत 2018 से ही इस व्यवस्था का हिस्सा है। इसके तहत भारत को विदेशी बैंक खातों, उनमें जमा राशि, लाभांश, ब्याज और कुल भुगतान की जानकारी मिलती रहती है। लेकिन, कर अधिकारियों ने पाया कि सभी लोग जरूरी जानकारी नहीं दे रहे थे। इसलिए उइऊ्र ने पिछले नवंबर में एक अभियान शुरू किया। इस अभियान में करदाताओं से अपनी विदेशी संपत्ति और आय की घोषणा करने का आग्रह किया गया। उन्हें अपडेटेड टैक्स रिटर्न के जरिए यह जानकारी देनी थी। इस अभियान के दौरान आयकर विभाग ने 19,500 करदाताओं को ईमेल और टेक्स्ट मैसेज भेजे। इन करदाताओं के पास काफी विदेशी संपत्ति और बैंक खातों में बड़ी रकम थी। विभाग ने लगभग 8,500 लोगों के साथ बैठकें भी कीं। हमारे सहयोगी ईटी को एक सूत्र ने बताया कि लगभग 62% करदाताओं ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने अपनी क्ळफ में संशोधन करके अपनी विदेशी संपत्ति और आय की घोषणा की।पिछले कुछ सालों में, अपनी विदेशी संपत्ति और आय की स्वेच्छा से घोषणा करने वाले करदाताओं की संख्या बढ़ी है। वित्त वर्ष 2020-21 में यह संख्या 60,000 थी, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 2.3 लाख हो गई। इस साल जागरूकता अभियान और व्यापक प्रयासों के कारण, स्वैच्छिक घोषणाओं में वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में 45% की वृद्धि हुई है।

# देसी चने की मंदी रुकने के आसार

**व्यापार प्रतिनिधि ● इंदौर**

पाइपलाइन में देशी चना ज्यादा नहीं है, केवल सटोरियों की सट्टेबाजी एवं ऑस्ट्रेलिया के माल की हवाबाजी में चना कमजोर पड़ गया है। भाव 5700-5900 रुपए के दायरे में चल रहे है, लेकिन चालू महीने भी इससे नीचे जाने की संभावना नहीं है। गौरतलब है कि देसी चने का सकल उत्पादन 77 लाख मीट्रिक टन के करीब होने का अनुमान है, जबकि घरेलू खपत 130 लाख टन की है।

फिलहाल केवल विदेशी माल की घटाकर बिकवाली होने से मंदा चल रहा है।

काबुली चने में स्टॉकिस्टों की चौतरफा बिकवाली बनी हुई है, क्योंकि कर्नाटक आंध्र प्रदेश में काबुली चने की नई फसल शुरू हो गई है तथा यहां किसी भी भाव में लिवाली नहीं है। यहां महाराष्ट्र का काबुली चना कच्चा माल 70/-75 रुपए प्रति किलो के बीच बिक रहा है। निर्यात मांग कमजोर है। पुराना स्टॉक ज्यादा बचा गया है, इन परिस्थितियों को देखते हुए बाजार अभी और घटने की संभावना है।

दलहन-चना कांटा 5700-5900, डंकी चना 5000-5100, नया विशाल 5300-5500, मसूर 6050-6100, तुवर नई महाराष्ट्र सफेद 7100-7200, महाराष्ट्र लाल 7200-7300, कर्नाटक 7200-7300, नई निमाड़ी 6500-7000, मूंग 8100-8200, मूंग एवरेज 7000-7500, मूंग बोल्ड बारिश 8000-8400, उड़द बेस्ट 8000-8200, उड़द मीडियम 6000-7500, उड़द हलका 3000-5000 कंटेनर में डॉलर चना 42/44 10700, 44/46 10400, 50/52 9600, 58/60 8700 60/62 8600 रुपए प्रति क्विंटल।

दालें- चना दाल 7600-7700 मीडियम 7800-7900 बेस्ट 8000-8100 मसूर दाल 7450-7550 बेस्ट 7650-7750, मूंग दाल 9400-9500 बेस्ट 9600-9700, मूंग मोगर 10000-10100 बेस्ट 10200-10400, तुवर दाल 8600-8700 मीडियम 9800-9900 बेस्ट 109800-11000 ए. बेस्ट 11900-12000 ब्रांडेड तुवर दाल नई 12300, उड़द दाल 8900-9100 बेस्ट 9200-9500, उड़द मोगर 10300-10400 बेस्ट 10500-10700 रु. प्रति क्विंटल।



नई दिल्ली में दिल्ली मेट्रो के वसंत कुंज टीबीएम परियोजना स्थल पर टबीएम (टनल बोरिंग मशीन) की सफलता के बाद कामगार देखते हुए।

### CM आज करेंगे भूमिपूजन, 2 साल में तैयार होगा, 5 सुईट-10 रूम भी होंगे

# भोपाल में बनेगा इंटरनेशनल लेवल का कन्वेंशन सेंटर

**संवाददाता ● भोपाल**

राजधानी भोपाल में इंटरनेशनल लेवल का दूसरा कन्वेंशन सेंटर बनेगा। 6 एकड़ में बड़ी इमारत बनेगी। जिसमें न सिर्फ ऑडिटोरियम और बैंक्वेट हॉल होगा, बल्कि 5 सुईट और 10 रूम भी होंगे। प्राइवेट डाइनिंग में कुल 57 लोग एकसाथ बैठकर लंच या डिनर कर सकेंगे। दो फ्लोर की बिल्डिंग बनाने में करीब 100 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

**भूमिपूजन**

सीएम डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को भूमिपूजन करेंगे। यह मौजूदा कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) के ठीक पीछे रहेगा। पूर्व में यहां मछली घर था। साल 2026 के आखिरी तक कन्वेंशन सेंटर बन जाएगा।

#### डिजाइन मिंटो हॉल जैसी ही

नया कन्वेंशन सेंटर हुबहु मिंटो हॉल जैसा ही बनेगा। दोनों परिसरों को एक कॉरिडोर से जोड़ा जाएगा। मप्र राज्य पर्यटन विकास निगम इस समय ओरछा और भोपाल के कन्वेंशन सेंटर पर काम कर रहा है। दोनों प्रोजेक्ट के लिए 131 करोड़ रुपए की राशि मिल चुकी है।



#### ऐसा बनेगा कन्वेंशन सेंटर

**ग्राउंड फ्लोर :** बड़ा एंट्रेंस फोयर होगा। 1435 लोगों की कैपेसिटी वाला मेन हॉल। पास में 400 से 600 लोगों की क्षमता के 3 छोटे हॉल भी रहेंगे। एक मीटिंग हॉल, लॉबिंग, लिफ्ट आदि सुविधाएं यहां मिलेगी।
लोवर ग्राउंड फ्लोर: 1900 लोगों की क्षमता का बड़ा सा डायनिंग हॉल। किचन, आउटडोर फंक्शन, एक्जीबिशन और गार्डन भी रहेगा।
**फर्स्ट-सेकंड फ्लोर :** 10740 स्क्वेयर फीट का बड़ा सा इंटरेंस हॉल, रेस्टोरेंट और बार, प्राइवेट डाइनिंग, बिजनेस सेंटर, ट्रेवल डेस्क, प्राइवेट लांज, टी लांज, मेडिकल एड रुम, मेहमानों के लिए 5 सुईट, 10 रुम, किचन आदि।

#### 300 कारों की पार्किंग भी

नए सेंटर में 1500 लोगों की क्षमता वाला ऑडिटोरियम और 2000 लोगों की क्षमता वाला बैंक्वेट हॉल होगा। यानी कुल 3500 लोगों के आयोजन हो सकेंगे। मिंटो हॉल में अब तक बैंक्वेट हॉल की कमी थी। नए सेंटर में 300 कारों की पार्किंग और 15 आधुनिक कमरे होंगे। इसके अलावा, एग्जीबिशन और सम्मेलन के लिए बड़े लॉन भी होंगे। इस कन्वेंशन सेंटर के सामने छोटा तालाब है। यानी, मेहमानों को तालाब का आकर्षक नजारा दिखाई देगा।



## शॉट न्यूज

### नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने की खुदकुशी

**भोपाल**। कोटा, भारत का कोचिंग सिटी, जहां हर साल लाखों छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आते हैं, एक बार फिर त्रासदी के साये में है। इस बार आत्महत्या नहीं बल्कि एक भयावह हत्या है, जो प्रतियोगी परीक्षाओं के दबाव और उससे उपजे मानसिक तनाव को उजागर करती है। सत्याम कटरे, एक 20 वर्षीय युवक, जिसने नीट की तैयारी के लिए कोटा में महीनों बिताए थे, उसने अपने ही माता-पिता पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। इस दिल दहला देने वाली घटना में उसकी मां की मौत हो गई और पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, सत्यम ने अगस्त में कोटा के एक कोचिंग संस्थान को छोड़ दिया था और घर लौट आया था। सोमवार शाम को जब उसके पिता ने उसे मोबाइल फोन का उपयोग करने से रोका, तो वह गुस्से में आ गया और उसने यह भयानक कृत्य किया।

### फटे-पुराने कपड़े में थाने पहुंची महिला

**जबलपुर**। मध्य प्रदेश के जबलपुर से हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां स्पा सेंटर्स की आड़ में जिस्म फरोशी को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। जबलपुर के स्पा सेंटरों में लड़कियों पर ग्राहकों को खुश करने का दबाव बनाया जा रहा है। स्पा सेंटर में काम करने वाली लड़की ने सनसनीखेज खुलासा किया है। शहर के स्पा सेंटरों में धड़ल्ले से जिस्मफरोशी का धंधा चल रहा है। ग्राहकों को खुश करने की शर्त पर लड़कियों को काम पर रखा जा रहा है। ग्राहकों के साथ संबंध बनाने के लिए उन लड़कियों पर दबाव बनाया जा रहा है। नशे की हालत में थाने पहुंची महिला ने लगाए सनसनी खेज आरोप। बता दें कि जबलपुर के गोहलपुर थाना अंतर्गत प्राचीन गोपालबाग सेठ की तलैया में दो बच्चों की नहाने के दौरान डूबने की आशंका से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

### एमपी में ग्वालियर की हवा सबसे खराब

**भोपाल**। मध्यप्रदेश में गर्मी की एंट्री के बीच अचानक ठंड ने वापसी कर दी है। इस बीच प्रदेश में हवा का हाल बेकार दौर से गुजर रहा है। जहां आज एमपी के महानगरों में ग्वालियर की हवा सबसे खराब दर्ज हुई है। देश-प्रदेशभर में बीते दिनों प्रदूषण के लेवल में कमी दर्ज की गई थी, जिसके बाद Air Quality Index में भारी सुधार आया था और वायु गुणवत्ता बेहतर स्थिति में थी। लेकिन अब ठंड की विदाई के बीच हवा बदतर होती जा रही है। एमपी में आज शुक्रवार (7 मार्च) को सुबह राजधानी भोपाल का AQI लेवल 123 दर्ज किया गया। खराब हवा के मामले में देश के सबसे साफ शहर इंदौर के हाल भी बिगड़े हैं। यहां का AQI 164 के स्तर पर है। एमपी में आए दिन हवा का स्तर बीते दिन का रिकॉर्ड तोड़ता नजर आता है पर आज बात अलग थी। इस खास रिपोर्ट में जानिए मध्यप्रदेश के सभी बड़े शहरों की वायु गुणवत्ता।

# ‘सरकार के एजेंट के रूप में काम कर रहे’


### सूचना आयुक्त को हाई कोर्ट ने फटकारा

**संवाददाता ● जबलपुर**

मध्य प्रदेश के जबलपुर हाई कोर्ट ने राज्य सूचना आयुक्त के एक विवादास्पद आदेश को रद्द करते हुए हाई कोर्ट जस्टिस विवेक कुमार अग्रवाल की एकलपीठ ने 40 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। हाई कोर्ट ने माना कि सूचना आयुक्त सरकार के एजेंट के रूप में कार्य कर रहे हैं, जिससे पारदर्शिता और निष्पक्षता प्रभावित हो रही है।

**जुर्माना**

भोपाल के पत्रकार और फिल्म निर्माता नीरज निगम ने मार्च 2019 में सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत एक आवेदन देकर कुछ सरकारी जानकारी मांगी थी। नियमानुसार, आवेदन का उत्तर 30 दिनों में दिया जाना चाहिए था, लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने नियमानुसार जानकारी निःशुल्क देने की मांग की, क्योंकि सूचना समय सीमा में उपलब्ध नहीं कराई गई थी। जब आवेदक को 30 दिनों के भीतर कोई उत्तर नहीं मिला तो उन्होंने पहले अपील दायर की, लेकिन प्रथम और द्वितीय अपील में भी उनकी मांग को खारिज कर दिया गया। इसके बाद सूचना आयोग ने उनके आवेदन को स्वीकार करने के बजाय 2,12,000 रुपए की राशि जमा करने का पत्र भेज दिया। सूचना आयोग के इस निर्णय को चुनौती देते हुए नीरज निगम ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उनके वकील दिनेश उपाध्याय ने दलील दी कि आयोग ने गलत तर्कों के आधार पर अपील को खारिज किया। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट मामला था, जिसमें आवेदक को फ्री ऑफ कॉस्ट जानकारी दी जानी चाहिए थी।हाई कोर्ट ने सुनवाई के बाद माना कि सूचना आयोग का निर्णय पूरी तरह अनुचित था और पारदर्शिता के सिद्धांतों के खिलाफ था। कोर्ट ने सूचना आयुक्त के आदेश को न केवल रद्द किया, बल्कि उन पर 40,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया। इसके साथ ही कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया कि वह आवेदक को मांगी गई जानकारी निःशुल्क उपलब्ध कराए।



### माट साहब मारिएगा नहीं अब बच्चे को पीटते ही जेल पहुंच जाएंगे टीचर, आया सख्त आदेश

**भोपाल**। पहले के समय में बात ना मानने, पढ़ाई ना करने वाले छात्रोंकी टीचर्स जमकर पिटाई करते थे। हर स्कूल में कोई ना कोई टीचर ऐसा होता था, जिससे बच्चे काफी डरते थे। उनके पास छड़ी जरूर होती थी। कोई टीचर छड़ी से तो कोई थप्पड़ से छात्रों की पिटाई करता था। लेकिन अब ऐसा करना टीचर को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा सकता है। जी हां, खासकर अगर टीचर मध्यप्रदेश के स्कूल का हो तो। राज्य में अब सरकारी स्कूल के साथ ही साथ प्राइवेट स्कूलों के टीचर्स के लिए भी खास ऑर्डर जारी कर दिए गए हैं। किसी भी स्कूल के टीचर्स द्वारा बच्चों पर हाथ उठाने पर बैन लगा दिया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ये ऑर्डर जारी किए गए हैं। अगर किसी भी टीचर ने बच्चे को किसी तरह की शारीरिक सजा दी, तो उसपर कार्यवाई की जाएगी। ये फैसला बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग को लिखी गई चिट्ठी के बाद लिया गया है। 4 फरवरी को शिक्षा विभाग को बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा चिट्ठी लिखी गई थी। इसके बाद ही ये ऑर्डर जारी किये गए हैं। बता दें कि मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2009 की धारा 17 (1) के मुताबिक, शारीरिक-मानसिक प्रताड़ना और भेदभाव प्रतिबंधित है। धारा 17 (2) के तहत ऐसा करना दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। ऐसे में अगर कोई टीचर बच्चे को मारता है तो उसे सजा के लिए तैयार रहना होगा। इस आदेश का अब सख्ती से पालन किया जाएगा। अगर शिक्षा विभाग को ऐसे किसी मामले की जानकारी मिलती है तो उक्त टीचर पर कार्यवाई की जाएगी। बता दें कि ऐसे कई मामले सामने आते हैं, जहां बच्चे को अनुशासन के नाम पर सजा दी जाती है। ना सिर्फ शारीरिक मारपीट को अब सजा की दृष्टि से देखा जाएगा बल्कि मानसिक टॉर्चर को भी इसी श्रेणी में रखा जाएगा।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में दिए निर्देश

# महाकाल लोक परिसर की तरह एकात्म धाम का करें विकास : सीएम डॉ. यादव



### ओंकारेश्वर अंचल के समग्र विकास के लिए समय-सीमा में कार्य करें पूर्ण

**संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आदि शंकराचार्य ने बाल्यकाल में प्रदेश के ओंकारेश्वर में आकर निवास किया। उनके दर्शन और शिक्षाओं को आज भी प्रासंगिक माना जाता है। सम्पूर्ण समाज को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करने वाले आदि शंकराचार्य की विशाल प्रतिमा ओंकारेश्वर में स्थापित है। प्रतिमा स्थल सहित सम्पूर्ण ओंकारेश्वर के समग्र विकास के लिए सभी आवश्यक कार्य सम्पन्न किए जाएं। सिंहस्थ : 2028 तक ओंकारेश्वर भी उज्जैन की तरह श्रद्धालुओं और पर्यटकों के विशेष आकर्षण का केन्द्र बने, इस दिशा में सभी प्रयास किए जाएं। यह स्थान प्रदेश के धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन का महत्वपूर्ण केन्द्र है। उन्होंने कहा कि एकात्म धाम ओंकारेश्वर में शिव पंचायतन मंदिर परिसर का विकास महाकाल लोक की तरह किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने गुरूवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) के सभाकक्ष में एक बैठक में एकात्म धाम, ओंकारेश्वर के विकास के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से विचार-विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने संस्कृति विभाग द्वारा तैयार प्रजेंटेशन भी देखा। मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने कहा कि ओंकारेश्वर में सुविधाओं के विकास से यहां आने वाले श्रद्धालुओं और अन्य पर्यटकों की संख्या निश्चित ही बढ़ेगी। नागरशैली में अयोध्या के राम मंदिर की तरह इस आस्था स्थल में मंदिर का निर्माण प्रदेश की विशेष पहचान में सहायक होगा। मुख्यमंत्री डॉ। यादव ने कहा कि एकात्म धाम और क्षेत्र में आने-जाने के सुविधाजनक मार्गों के निर्माण और प्रस्तावित रोप-वे की व्यवस्था के लिए समय-सीमा में कार्यों को पूर्ण किया जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय कुमार शुक्ला, प्रमुख सचिव संस्कृति शिवशेखर शुक्ला, पर्यटन विकास निगम के प्रबंध संचालक इलैयाराजा टी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


# रील बनाने के लिए गैस से भरा पूरा कमरा

### लाइट ऑन करते ही धमाका, जबलपुर में दो लोग झुलसे, गंभीर

**संवाददाता ● भोपाल**

रील बनाने और उससे लाइक, फॉलो और सब्सक्राइब पाने के लिए लोग किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। इस दौरान वह अपनी जान जोखिम डालने से भी पीछे नहीं हटते हैं। ऐसा ही एक मामला मध्य प्रदेश के जबलपुर से सामने आया है, जहां एक युवक ने रील बनाने के लिए अपने कमरे में एलपीजी सिलेंडर की गैस भर दी थी। इसी बीच जैसे ही उन्होंने हैलोजन का स्विच ऑन किया कमरे में भरी गैस में आग लग गई और 2 लोग बुरी तरह से झुलस गए। ग्वालियर के गोला मंदिर थाना क्षेत्र के द लिगेसी अपार्टमेंट के फर्स्ट फ्लोर पर मंगलवार बुधवार की भंयकर विस्फोट हो गया। विस्फोट इतना भयंकर था कि इसमें पहली मंजिल

**हादसा**



के तीन फ्लैट, लिफ्ट और मंदिर टूट गए। इस पूरे हादसे में दो लोग बुरी तरह से झुलस गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। फ्लैट में एक एलपीजी गैस का सिलेंडर रखा था। इसी के ब्लास्ट होने से हादसा हुआ है। हादसे वाली रात फ्लैट में अनिल जाट और रंजना जाट मौजूद थे। इस दौरान वह देर रात गैस रिसाकर रील बना रहे थे। जैसे ही अनिल ने रील बनाने के लिए हैलोजन लाइट चालू की तो शार्ट सर्किट से कमरे में आग लग गई, जिससे बाद सिलेंडर में भयंकर विस्फोट हो गया। हादसा इतना भयंकर था कि इसमें आसपास के फ्लैटों की दीवार तक उड़ गई है। लिफ्ट और मंदिर क्षतिग्रस्त हो गए।

**हैलोजन के चालू करते ही हुआ हादसा** - रंजना के बेटे ने बताया कि मां रात में नीचे वाले फ्लैट में सफाई करने गई थी। इस दौरान एक भीषण विस्फोट हो गया है, जिसमें मम्मी और चाचा बुरी तरह से जल गए। जांच के दौरान फ्लैट में आधा खाली एलपीजी गैस सिलेंडर मिला है। इसमें 7 किलो गैस कम थी। गंभीर रूप से घायल दोनों लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों करीब 90 प्रतिशत झुलस गए हैं। घायल अनिल ने बताया कि वह फ्लैट में गैस लीक कर रील बना रहे थे। तभी हैलोजन का स्विच ऑन करने से हादसा हो गया।

### फूलों से नहीं नोटों से सजता है मंदिर

# इस बार एक करोड़ 21 लाख के नोटों हुई साज-सज्जा

**संवाददाता ● उज्जैन**

धार्मिक नगरी उज्जैन में कई प्राचीन शिव मंदिर हैं, जहां महाशिवरात्रि पर विशेष आयोजन होते हैं, लेकिन उज्जैन से लगभग 50 किलोमीटर दूर बड़नगर में भगवान श्री बुद्धेश्वर महादेव के मंदिर पर महाशिवरात्रि उत्सव कुछ अलग ही अंदाज में मनाया जाता है। इस मंदिर पर महाशिवरात्रि पर्व के दौरान भव्य मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें आसपास के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होते हैं और भगवान श्री बुद्धेश्वर महादेव के दर्शनों का लाभ लेते हैं। पिछले 4 वर्षों से यह मंदिर काफी सुर्खियों में है।

**आयोजन**

क्योंकि मंदिर की सजावट फूलों की लड़ियों से नहीं बल्कि नोटों से की जाती है। इस वर्ष मंदिर की सजावट के दौरान लगाए गए नोटों की संख्या लाखों की बजाय करोड़ों रुपयों से की जा रही है। यही कारण है कि लगभग एक करोड़ 21 लाख रुपए से किए गए भगवान श्री बुद्धेश्वर महादेव के दर्शन करने के लिए दूर दूर से श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। श्री बुद्धेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी पंडित महेश गुरु ने बताया कि पिछले चार वर्षों से श्री बुद्धेश्वर महादेव मंदिर को नोटों से सजाया जा रहा है। वर्ष 2021 में मंदिर को 7 लाख के नोटों से सजाया गया था। इसके बाद नोटों से मंदिर की सजावट जैसे एक परंपरा बन गई और वर्तमान में मंदिर को एक करोड़ 21 लाख के नोटों से सजाया गया है। मंदिर की सजावट के दौरान कड़क नोट से मुकुट माला और लड़ियां बनाकर मंदिर की सजावट की गई है। नोटों से की गई सजावट को देखने के लिए मंदिर में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।




#### 22 सदस्यों ने जमा किए एक करोड़ 21 लाख

बताया जाता है कि श्री बुद्धेश्वर महादेव मित्र मंडली के 22 सदस्यों ने मंदिर की सजावट के लिए एक करोड़ 21 लाख रुपए एकत्रित किए हैं। इन श्रद्धालुओं ने इतनी बड़ी राशि मंदिर की साज सज्जा के लिए उपलब्ध कराई है। बताया जाता है कि वैसे तो इस मेले की शुरुआत 28 फरवरी से हो हुई थी और यह मेला 10 मार्च तक चलेगा, लेकिन मंदिर में नोटों की सजावट सिर्फ तीन दिनों के लिए की गई है। इसीलिए शाम होते ही मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान श्री बुद्धेश्वर और सजावट को देखने पहुंच रहे हैं।

#### पहले फूलों से होती थी सजावट

बताया जाता है कि श्री बुद्धेश्वर महादेव के मंदिर को पहले फूलों से सजाया जाता था, लेकिन चार वर्षों पहले सात लाख रुपए से मंदिर की सजावट करने के बाद, 11 लाख, 21 लाख और 51 लाख तक पहुंचते-पहुंचते अब एक करोड़ 21 लाख पर पहुंच गई है।

# Gen Z के रोमांस की नादानियां, इब्राहिम फिट मगर खुशी कपूर की एक्टिंग है कमजोर



दुनिया में लोगों के लिए प्यार का मतलब अब बदल चुका है. डेटिंग एप्स, फेक डेटिंग, अपनी इमेज के हिसाब से डेटिंग, AI की मदद से चैट... और न जाने क्या-क्या GenZ की डेटिंग लाइफ में चल रहा है. नई जनरेशन प्यार को छोड़कर सबकुछ कर रही है, क्योंकि फीलिंग्स, डिस्ट्रैक्शन और अपनी प्राइऑरिटी को बदलने में सबको डर लगता है. लेकिन जब आपको कोई पसंद आ जाए तो आप ही कर सकते हैं? दिल पर कितना ही जोर डाल सकते हैं? यही सब आपको खुशी कपूर और इब्राहिम अली खान की फिल्म 'नादानियां' में देखने को मिलेगा. फिल्म की कहानी टिपिकल करण जौहर स्टाइल में है. दिल्ली के बड़े लॉ फर्म के मालिक की बेटी है पिया जयसिंह (खुशी कपूर). पिया के पास जिंदगी में सबकुछ है- बड़ा घर, हर साल मिलने वाली बड़ी गाड़ी, देश के बेस्ट स्कूल में पढ़ाई... लेकिन उसके पास जो नहीं है वो है, अपने मां-बाप का प्यार और उनका भरोसा. पिया के परिवार का मानना है कि लड़के सबकुछ कर सकते हैं. वो वकील बनकर खानदान का बिजनेस भी चला सकते हैं।

# रवीना टंडन का अंदाज देख खुश हो गए फैन्स



बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन अक्सर ही पैपराजी के सामने नजर आती रहती हैं। अब रवीना का एयरपोर्ट पर शाही अंदाज देखने को मिला है। यहां रवीना ने पैपराजी को अपने कान की ईयररिंग्स उतारकर दान कर दी हैं। रवीना टंडन बुधवार शाम को अपनी बेटी राशा थडानी के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर देखी गईं थी। अभिनेत्री ने देखा कि एक पैपराजी ने उनकी सोने की बालियों की तारीफ की और अपने कान से बालियां निकालकर उन्हें उपहार में दे दीं। अपनी मां को पैपराजी के साथ बातचीत करते देख बेटी राशा हैरान रह गईं। अब रवीना के इस शाही को अंदाज को देख फैन्स भी उनकी तारीफ कर रहे हैं। रवीना जब रशा के साथ एयरपोर्ट पर चेक-इन पॉइंट की ओर जा रही थीं तो एक पैपराजी ने उनके लुक के साथ पहनी गई सोने की बालियों की तारीफ की। रवीना ने पूछा, 'कौन सी (कौन सी)?' और फिर उन्हें अपने बाएं कान से एक बाली निकालकर पैपराजी को देते हुए देखा गया। रशा आगे खड़ी थीं और अपनी मां के हाव-भाव को देखकर हैरान हो गईं। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए, एक प्रशंसक ने टिप्पणी की, 'वाह गोल्ड हार्ट.. वरना आज के जमाने में कौन देता है?' एक दूसरे प्रशंसक ने टिप्पणी की, 'वाह अच्छे दिल वाले लोग ही ऐसे शेयर करते हैं।' 'वह बहुत दयालु महिला हैं, हमेशा उनका प्रशंसक रहा हूं।' टिप्पणी अनुभाग में एक अन्य प्रशंसक ने कहा। यह पहली बार नहीं है जब रवीना की उदारता ने प्रशंसकों का दिल जीता हो। यह पहली बार नहीं है जब रवीना की उदारता ने प्रशंसकों का दिल जीता हो। पिछले महीने जब अभिनेत्री मोहसिन हैदर द्वारा बीएमसी चॉल में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हुई थीं तो उन्होंने दूल्हा-दुल्हन में से एक को अपनी चूड़ियों का एक सेट उपहार में दिया था।

# उफ्फ नोरा फतेही का डांस देख

## खुद को तारीफ करने से नहीं रोक पाए अमिताभ बच्चन






हिंदी सिनेमा के महानायक अमिताभ बच्चन खुलकर अपनी बातें सोशल मीडिया के जरिए सभी के साथ शेयर करते हैं। उन्हें अगर किसी स्टार का काम या उनकी कोई बात पंसद आती है, तो बिग बी बिना हिचकिचाहट के उनकी तारीफ करते हैं। इसी बीच अमिताभ बच्चन ने अब एक्ट्रेस-डांसर नोरा फतेही की भी तारीफ की है। नोरा के नए गाने में उनके डांस मूव्स देखकर दिग्गज एक्टर खुद को उनकी तारीफ करने से रोक नहीं पाए हैं। नोरा फतेही ने अपने डांस के दम पर अपनी पहचान इंडस्ट्री में बनाई है। एक्ट्रेस के आए दिन डांस वीडियो सॉन्ग्स रिलीज होते रहते हैं। ऐसे में अब नोरा को अभिषेक बच्चन की अपकमिंग फिल्म बी हैप्पी में देखा जाएगा। बी हैप्पी का पहला गाना रिलीज हो गया है, जिसमें नोरा फतेही ने एक बार फिर से अपने धमारेदार डांस मूव्स से सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। नोरा के गाने को शेयर करते हुए अभिषेक बच्चन ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, उसका मंच, उसके नियम, उसका शासन...सुल्ताना आ गई है। बता दें, गाने का नाम सुल्ताना है।अभिषेक बच्चन के ट्वीट को रिट्वीट करते हुए अमिताभ बच्चन ने भी नोरा के डांस को प्रेज किया है। उन्होंने कम शब्दों में तारीफ करते हुए लिखा, उफ्फ सूपर्व। फिल्म के इस गाने को सिंगर सुनिधि चौहान और मीका सिंह ने गाया है। दोनों सिंगर की आवाज ने इस गाने में चार-चांद लगा दिए हैं।

# अनुपम खेर को आमिर खान ने बताया था खराब एक्टर

अनुपम खेर आज 70 साल के हो गए हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 1984 में रिलीज फिल्म 'सारांश' से की थी। महेश भट्ट के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में अनुपम खेर ने 28 साल की उम्र में 65 साल के बुजुर्ग पिता बी पी प्रधान का किरदार निभाया था। आज भी उनके इस किरदार की चर्चा होती है। अनुपम खेर मानते हैं कि अगर आज तक वो इंडस्ट्री में टिके हैं तो बी पी प्रधान के किरदार की वजह से। महेश भट्ट को अनुपम खेर अपना गुरु मानते हैं और हर मुलाकात में उन्हें गुरु दक्षिणा देते हैं। जन्मदिन पर अनुपम खेर ने दैनिक भास्कर से खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने फिल्म 'दिल है कि मानता नहीं' की शूटिंग के दौरान का एक किस्सा शेयर करते हुए कहा कि आमिर खान को लगा था कि वो खराब एक्टिंग कर रहे हैं। इसकी शिकायत उन्होंने फिल्म के डायरेक्टर महेश भट्ट से कर दी थी। अपने 41 साल के एक्टिंग करियर में पहली बार अनुपम खेर ने विक्रम भट्ट के डायरेक्शन में फिल्म 'तुमको मेरी कसम' में काम किया है। इस फिल्म में अनुपम खेर ने डॉ. अजय मुर्डिया का किरदार निभाया है। यह किरदार डॉ. अजय मुर्डिया की जिंदगी से इंस्पायर बताया जा रहा है। बातचीत के दौरान अनुपम खेर ने बताया- हम दोनों एक दूसरों को ढूंढ रहे थे। इसमें 40 साल लग गए। जिंदगी में जो दोस्त देर से मिलते हैं, उनका साथ लंबे समय तक चलता है। अगर पहले मिल जाते तो शायद यह दोस्ती बरकरार नहीं रहती।

# स्वाति शाह का दमदार अवतार 'रिश्तों से बंधी गौरी' में निभाएंगी जगदंबा का सशक्त किरदार!



अपने दमदार अभिनय से दर्शकों के दिलों में जगह बना चुकीं स्वाति शाह अब 'रिश्तों से बंधी गौरी' में एक सशक्त किरदार में नजर आएंगी। इस फैमिली ड्रामा में वे जगदंबा देवी की भूमिका निभा रही हैं, जो अपने परिवार की रीढ़ हैं और गंभीर, समझदारी वाले निर्णय लेने में दृढ़ हैं। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए स्वाति शाह कहती हैं, 'इस शो में मैं जगदंबा की भूमिका निभा रही हूं, जो परिवार की मुखिया हैं। वह विधवा हैं, लेकिन अकेले ही सब कुछ संभालती हैं। उनकी बात ही अंतिम होती है, चाहे वह परिवार से जुड़ा फैसला हो, घर का मामला हो या गांव का। अब तक आपने मुझे हल्के-फुल्के और मज़ेदार किरदारों में देखा है, लेकिन इस बार मैं एक सख्त अवतार में दिखूंगी।' आगे वे कहती हैं, 'एक मुखिया के रूप में जगदंबा बहुत जिम्मेदार हैं वे हमेशा समस्याओं का हल निकालने की कोशिश करती हैं, न कि उन्हें लेकर चिंता करें। इस शो में रिश्तों की गहराई साफ़ झलकती है और कहानी इसी ताने-बाने में बुनी गई है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ेगी, दर्शकों को समझ आएगा कि जगदंबा ऐसी क्यों हैं। कोई भी इंसान रातोंरात कठोर या सशक्त नहीं बनता ऐसी हर चीज़ के पीछे एक कहानी होती है।' भावनाओं से भरपूर और रिश्तों की उलझनों में गूंथी 'रिश्तों से बंधी गौरी' एक रोमांचक कहानी पेश करने के लिए तैयार है, जिसमें स्वाति शाह का अभिनय दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ेगा। देखना न भूलें 'रिश्तों से बंधी गौरी', 10 मार्च से हर रोज़ रात 8:30 बजे सिर्फ़ सन नियो पर!

# आलिया ने बेटी पर लगाई ऐसी पाबंदी

## देखकर सोनी राजदान ने पूछा- मैं नहीं थी अच्छी मां?



बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट अपनी बेटी राहा को लेकर काफी कॉन्शियस रहती हैं। हाल ही में, एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम से बेटी राहा की सारी फोटो हटा दी। इतना ही नहीं आलिया ने राहा का स्क्रीन टाइम भी कम कर दिया है। एक इंटरव्यू में आलिया ने अपने बचपन की तुलना राहा के बचपन से करते हुए कहा कि कैसे वो अपने बचपन में टीवी से चिपकी रहती थी, जबकि राहा को तो आईपैड देखने की भी इजाजत नहीं है। आलिया भट्ट कहती हैं उन्हां बचपन से ही टीवी देखना बहुत पसंद था। लेकिन वो अपनी बेटी राहा के स्क्रीन टाइम को लेकर काफी कॉन्शियस रहती हैं। यहां तक कि जब राहा टीवी पर गाना भी सुन रही होती हैं, तो हमें लगता है कि इसका स्क्रीन टाइम कम करना चाहिए। इस बारे में जब वो अपनी मां सोनी राजदान से बात करती हैं, तो वो कहती हैं हे भगवान, क्या मैं अच्छी मां नहीं थी? जो मैंने तुम्हें टीवी देखने दिया। जब मां ऐसा कहती हैं, तो आलिया कहती हैं।

# मुंबई छोड़कर चले गए अनुराग कश्यप



फिल्ममेकर-एक्टर अनुराग कश्यप काफी चर्चा में हैं. वो इसलिए क्योंकि वो फिल्म इंडस्ट्री से दूर अपना घर बसा चुके हैं. अनुराग ने मुंबई तो छोड़ ही दिया है, साथ में बॉलीवुड को भी अलविदा कर दिया है. पिछले कुछ समय से अनुराग, बॉलीवुड के बदलते कल्चर और वातावरण को लेकर आवाज उठा रहे थे. उनका कहना था कि इंडस्ट्री अब सिर्फ मुनाफा कमाने के बारे में सोचती है. आर्ट की सिनेमा में अब जगह नहीं बची है. अनुराग ने मुंबई छोड़कर अपना घर किसी और शहर में बना लिया है. बातचीत में अनुराग ने कहा- मैं मुंबई छोड़ चुका हूं. मैं फिल्मी लोगों से दूर रहना चाहता हूं. इंडस्ट्री अब काफी टॉक्सिक हो चुकी है. हर कोई अद्भुत टारगेट सेट कर रहा है और उसे अचीव करने के पीछे दौड़ रहा है. हर किसी को अपनी फिल्म से 500-800 करोड़ कमाने हैं. इंडस्ट्री में जो पहले क्रिएटिव चीजों हुआ करती थीं, वो अब देखने को भी नहीं मिल रही हैं. अनुराग ने बताया कि वो अपने नए घर का पहला किराया भी भर चुके हैं. हालांकि, किस शहर में अनुराग ने अपना घर बनाया है, इसके बारे में बताने से उन्होंने इनकार कर दिया. सूत्रों से पता लगा है कि अनुराग, बैंगलुरु शिफ्ट हुए हैं. पिछले कई दशकों से अनुराग मुंबई में रह रहे थे. सिटी को छोड़कर दूसरे शहर में घर बनाने की बात पर अनुराग ने कहा- एक शहर सिर्फ स्ट्रक्चर से नहीं, बल्कि लोगों से भी बनता है. मुंबई में लोग आपको नीचे गिराते हैं. मैंने अकेले ये निर्णय नहीं लिया है. कई फिल्ममेकर्स मुझसे पहले इस शहर को छोड़ चुके हैं।

## न्यूज कॉलम

### पैसों के लालच में छत्तीसगढ़ से बिहार पहुंची 41 नाबालिग

**रायपुर।** पुलिस और एनजीओ की टीम ने रोहतास के नटवार बाजार स्थित रेड लाइट एरिया में छापा मारा था. जहां से छत्तीसगढ़ की 41 नाबालिग को बरामद किया गया है. इन सभी को दबावपूर्वक देह व्यापर में धकेले जाने की आशंका है. पुलिस ने मामले में 5 दलालों को गिरफ्तार किया है. फिलहाल सभी नाबालिग को सासाराम स्थित बाल कल्याण समिति में रखा गया है, जिन्हें सुरक्षित वापस लाने के लिए छत्तीसगढ़ से टीम रवाना करने तैयारी की जा रही है.जानकारी के मुताबिक, बिहार राज्य के रोहतास समेत तीन अलग-अलग स्थानों से नाबालिगों को बरामद किया गया है. बिहार पुलिस ने छत्तीसगढ़ पुलिस से संपर्क कर नाबालिगों को सुरक्षित रेस्क्यू करने की जानकारी दी है. छत्तीसगढ़ के जगदलपुर, अंबिकापुर, कोंडागांव, बेमेतरा समेत कई जिलों के नाबालिग बताए जा रहे है।

### 500 से अधिक महिला शक्तियों को सम्मानित करेगा अदाणी फाउंडेशन

**सरगुजा।** उदयपुर विकासखण्ड में अदाणी फाउंडेशन प्रदेश की 500 से अधिक महिला शक्तियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मानित करेगा. राजस्थान राज्य उत्पादन निगम लिमिटेड की सामाजिक सरोकारों के तहत आयोजित इस वृहद और विशेष महिला सम्मान समारोह का आयोजन 8 मार्च को साल्ही के खेल मैदान में किया जा रहा है. जिसमें क्षेत्र के विधायक राजेश अग्रवाल सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे. इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता सहित उनके सम्मान को बढ़ावा देना है.अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 पर इस वर्ष की थीम त्वरित कार्यवाई रखी गई है, जिसके तहत महिलाओं को समानता के अधिकार के लिए तेजी से आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयासों पर चर्चा की जाएगी।

### 40 लाख के इनामी 11 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**नारायणपुर।** 40 लाख के इनामी 7 महिला समेत 11 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है. ये सभी नक्सली उत्तर बस्तर और माड़ डिवीजन में एक्टिव थे. आत्मसमर्पित नक्सलियों को प्रोत्साहन राशि 25 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया और उन्हें नक्सल उन्मूलन नीति के तहत मिलने वाली सभी सुविधाएं दी जाएगी. इस दौरान जिला पुलिस बल, आईटीबीपी औ? बीएसएफ के अधिकारी मौजूद रहे. माड़ बचाओ अभियान से प्रभावित होकर और नक्सली की क्रुर विचारधारा से तंग आकर 11 नक्सलियों ने एक साथ बिना हथियार पुलिस के समक्ष सरेंडर किया है. जानकारी के मुताबिक, आत्ससमर्पण करने वालों में 2 नक्सली उ३उट मेंबर और कंपनी नंबर 1 के कमांडर रह चुके हैं।

### सब्जी खरीदी के बाद सूनसान जगह पर की लूट

**बलरामपुर।** जिले में अपराधियों के हौसले बुलंद है. सब्जी बेचने आई महिला को आरोपी ने झांसे में लेकर सुनसान जगह पर ले जाकर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया. महिला की शिकायत पर पुलिस जांच में जुटी है. जानकारी के अनुसार, वाड्रफनगर सब्जी मंडी में ग्राम कोटराही से सब्जी बेचने आई महिला के पास करीब 4 बजे एक व्यक्ति आया और पूरी सब्जी खरीद ली. इसके बाद उसने महिला से ढाबा में सब्जी को छोड़कर वहीं पैसा ले लेने की बात कही. आरोपी के झांसे में आई महिला आरोपी के साथ बाइक में बैठकर चली गई. आरोपी ने बीच रास्ते से महिला को सुनसान जगह पर ले जाकर उसकी मोबाइल और सोने का मंगलसूत्र लूट लिया. पीड़ित महिला किसी प्रकार से जान बचाकर जंगल के रास्ते घर पहुंची, और पूरी घटना की जानकारी अपने पति को दी।

## भाजपा में गुटबाजी : जिला पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुनाव में बीजेपी अधिकृत प्रत्याशियों की हार

# निर्दलीय जीतकर आए भाजपा के ही समीरा-उपेंद्र की हुई जीत, विधायक मरपच्ची ने दोनों को बताया कांग्रेसी

संवाददाता ● रायपुर

गौरेला पेंड्रा मरवाही. जिला गठन के बाद पहली बार गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का चुनाव हुआ, जिसमें भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़ा. अध्यक्ष पद के चुनाव में निर्दलीय चुनाव जीतकर आई भाजपा के ही समीरा पैकरा और उपाध्यक्ष पद पर उपेंद्र बहादुर ने जीत हासिल की है. जीते प्रत्याशी भाजपा कार्यालय पहुंचे, जहां विधायक प्रणव मरपच्ची को माला पहनाने गए तो उन्होंने मना कर दिया. विधायक मरपच्ची ने समीरा पैकरा को कांग्रेसी बताते हुए उन्हें बधाई दी.

गौरेला पेंड्रा मरवाही जिला पंचायत में सदस्यों की कुल 10 सीटें हैं. इसमें कांग्रेस के 2, भाजपा के 3, एक मुक्त और 4 निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव जीते हैं. निर्दलीय में दो भाजपा के ही थे. अध्यक्ष पद पर समीरा पैकरा चुनी गई. उन्होंने भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी राजेश नंदनी आर्मो को 6-4 के अंतर से हराया. समीरा पैकरा को 6 वोट और राजेश नंदनी आर्मो को 4 वोट मिले. दूसरीं तरफ जिला पंचायत के उपाध्यक्ष पद उपेंद्र बहादुर सिंह चुने गए. उन्होंने भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी श्याममणि राठौर को हराया. उपेंद्र बहादुर को 6 वोट और श्याममणि राठौर को 4 वोट मिले.

बता दें कि नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा भाजपा से अमित जोगी के खिलाफ मरवाही विधानसभा का चुनाव लड़ी थी, जिसमें अमित जोगी की जीत हुई थी. इस बार जिला पंचायत चुनाव में भाजपा में गुटबाजी साफ तौर पर दिखी, जहां पहले से ही घोषित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के अधिकृत प्रत्याशियों की हार उन्हीं के पार्टी के सदस्यों से मिली. चुनाव के बाद मरवाही विधायक प्रणव मरपच्ची ने भाजपा की समीरा पैकरा पर तंज कसते हुए उन्हें कांग्रेसी बताया और कांग्रेस को बधाई दी.



### कुछ कहने से बच रहे संगठन के लोग

भाजपा विधायक मरपच्ची ने कहा, जिला पंचायत में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों की हार पर संगठन को संज्ञान लेना चाहिए कि आखिर भीतरघात कहां हुआ. वहीं दबी जुबान से पार्टी के ही लोग विधायक को हार का जिम्मेदार बता रहे हैं, क्योंकि विधायक बनने के बाद बीते दिन हुए मरवाही नगर पंचायत में कांग्रेस, मरवाही जनपद में कांग्रेस ने कब्जा किया. इसके बाद अब जिला पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के चुनाव में भी भाजपा को हार का सामना करना पड़ा है. इस मामले में संगठन के लोग कुछ कहने से बच रहे।

## स्थानीय लोगों ने जताया मुख्यमंत्री के प्रति आभार


# साय सरकार के बजट में आदिवासी बहुल बस्तर और सरगुजा क्षेत्र के विकास पर जोर

संवाददाता ● रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने नए बजट में आदिवासी बहुल बस्तर और सरगुजा क्षेत्र के समग्र विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अगुवाई में पेश किए गए इस बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना, रोजगार और वन उपज से जुड़े उद्योगों के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ की गई हैं. सरकार की इन नीतियों से स्थानीय लोगों में उत्साह का माहौल है, और उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बजट पेश होने के बाद आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा,ह्वबस्तर और सरगुजा जैसे आदिवासी बहुल क्षेत्रों के विकास के बिना छत्तीसगढ़ का संपूर्ण विकास संभव नहीं है. हमारी सरकार ने इन क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगार के नए अवसर पैदा करने के लिए विशेष योजनाएँ बनाई हैं.ह्व बजट में बस्तर और सरगुजा क्षेत्र के विकास के लिए विशेष प्रावधान दिया गया है. इसके तहत सड़क निर्माण, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाओं, डिजिटल कनेक्टिविटी, कृषि और वन उत्पादों के व्यापार को बढ़ावा देने की योजनाएँ बनाई गई हैं।

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार ने अपने बजट में अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों के विकास पर विशेष ध्यान दिया है. बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना और आजीविका संवर्धन के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ की गई हैं. विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति (एसटी) बाहुल्य क्षेत्रों में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए नए संस्थान स्थापित करने और मौजूदा योजनाओं के दायरे को बढ़ाने की योजना बनाई गई है। बस्तर और सरगुजा के युवाओं के लिए उच्च शिक्षा को सुलभ बनाने के उद्देश्य से सरकार ने इन दोनों क्षेत्रों में स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा के लिये विशेष प्रावधान किये हैं.बजट में 50 नए सरकारी स्कूलों और 10 नए आदिवासी आश्रम विद्यालयों को मंजूरी दी गई है.छात्रों को उच्च शिक्षा और शोध कार्यों के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने ह्लजनजातीय छात्रवृत्ति योजनाह्व की शुरूआत की है, जिसके तहत अनुसूचित जनजाति (रळ) के मेधावी छात्रों को इंजीनियरिंग, मेडिकल, प्रबंधन और शोध कार्यों के लिए विशेष छात्रवृत्ति दी जाएगी बस्तर के जगदलपुर में रहने वाले सुनील कश्यप, जो कि बीएड के छात्र हैं, कहते हैं, ह्लहमारे क्षेत्र में शिक्षा के साधन सीमित हैं, लेकिन सरकार की इस पहल से आदिवासी युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा. मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद, जिन्होंने हमारे भविष्य का ध्यान रखा है..

### सभी सरकारी अस्पतालों को अपग्रेड कर आधुनिक उपकरणों से लैस किया जाएगा




सरगुजा के रहने वाले रामलाल टोप्पो, जो कि एक सामाजिक कार्यकर्ता हैं, कहते हैं, ह्लपहले हमें इलाज के लिए 100-150 किलोमीटर दूर जाना पड़ता था, लेकिन अब मेडिकल कॉलेज और नई स्वास्थ्य सुविधाएँ मिलने से हमें अपने ही क्षेत्र में बेहतर इलाज मिल सकेगा. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की सरकार अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में शोध और विकास को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है. इन पहलों से न केवल जनजातीय समुदायों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, बल्कि उनकी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण भी सुनिश्चित होगा. शोध एवं अध्ययन समाज के बौद्धिक विकास की नींव होते हैं. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में और छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका की विशेष पहल पर अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में शोध एवं अध्ययन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, राज्य शासन के वर्ष 2025-26 के बजट में पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय में श्रीमंत शंकर देव अनुसंधान पीठ की स्थापना के लिए 2 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है. छत्तीसगढ़ की डबल इंजन की सरकार में यह सब कुछ बहुत आसानी से सम्भव भी हो रहा है। विश्वविद्यालय में आईटी आधारित एमआईयू प्रयोगशाला के लिए 1.71 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है, इससे अनुसंधान को एक नई दिशा मिलेगी. अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में ज्ञान-विज्ञान को बढ़ावा देने और स्थानीय ज्ञान परंपराओं के दस्तावेजीकरण के लिए श्रीमंत शंकर देव अनुसंधान पीठ की स्थापना एक महत्वपूर्ण पहल है.

### रोजगार-वन उपज आधारित उद्योगों को बढ़ावा

सरकार ने आदिवासी समुदाय की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए ह्लवन उपज समर्थन योजनाह्व शुरू की है. इसके तहत महुआ, तेंदू पत्ता, साल बीज, चिरौंजी, लाख और अन्य वनोपजों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (टरढ) बढ़ाया गया है.इसके अलावा, बस्तर और सरगुजा में लघु वन उपज आधारित नए उद्योग स्थापित करने के लिए 2000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं. इससे स्थानीय आदिवासियों को रोजगार मिलेगा और उनकी आजीविका सुरक्षित होगी.जगदलपुर के तेंदू पत्ता संग्राहक मंगला कुंजाम ने कहा, पहले हमें बहुत कम दाम मिलते थे, लेकिन सरकार के नए फैसले से हमें हमारी मेहनत का सही मूल्य मिलेगा. इससे हमारे जीवन में सुधार आएगा।

### जनजातीय परंपराओं का संरक्षण और प्रोत्साहन



अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में शोध को बढ़ावा के साथ ही साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जनजातीय परंपराओं के संरक्षक बैगा, गुनिया और सिरहा को सम्मानित करने की पहल की है. इन परंपरागत ज्ञान धारकों को प्रति वर्ष 5,000 रुपये की सम्मान निधि प्रदान की जाएगी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और वे अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने में सक्षम होंगे।



### शहर में दिनदहाड़े 1.5 लाख की लूट, कार का शीशा तोड़ा, फिर पैसे लेकर भागे

**कोरबा।** शहर में दिनदहाड़े उठाईगिरी की घटना सामने आई है, जहां बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने कार का शीशा तोड़कर 1.5 लाख रुपये लेकर फरार हो गए. इस घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है. पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी हुई है.यह पूरा मामला मानिकपुर क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, तुलसी नगर निवासी पीडीएस ट्रांसपोर्टर शैलेंद्र शर्मा शुक्रवार को टीपी नगर स्थित आईडीबीआई बैंक से 2 लाख रुपये निकाला था. निहारिका स्थित परिसर में उसने एक व्यवसायी को 50,000 रुपये दिए, जबकि 1.5 लाख रुपये अपनी कार की ग्लव बॉक्स में रखा हुआ था. जैसे ही वह मानिकपुर चौकी क्षेत्र के बुधवारी मुख्य मार्ग पर पहुंचा, तभी बाइक सवार दो नकाबपोश युवक आए और पीडीएस ट्रांसपोर्टर के कार का शीशा दिया उसके बाद आरोपी डेढ़ लाख रुपये नगदी लेकर फरार हो गए. घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन, मानिकपुर और सीएसईबी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची. वहीं आरोपियों की पहचान के लिए घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं.

### साइबर ठगों के नए पैतरे का खुलासा

संवाददाता ● कवर्धा

तेजी से बढ़ते साइबर अपराध के बीच ठगी करने के नए तरीके का खुलाया हुआ है. पुलिस ने ठगों को सिम कार्ड बेचने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. दोनों सगे भाइयों ने फर्जी तरीके से 85 सिम कार्ड जारी किया था. जिसमें से 20 सिम कार्ड ऐसे थे, जो देशभर के अलग-अलग राज्यों में ठगी के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था. अबतक इनके जारी किए गए फर्जी सिम से 14 लाख 85 हजार 785 रुपये की ठगी हो चुकी है. फिलहाल मामले का मास्टर माइंड पुलिस के गिरफ्त से बाहर है. जानकारी के मुताबिक, दोनों आरोपी भूपेंद्र जोशी और दुष्यंत जोशी पहले लोगों को सिम देते फिर वेरिफिकेशन फेल हो गया कहकर दोबारा डळढ मांगते. इस तरह से शातिर आरोपी एक ग्राहक के नाम से दो सिम बना लेते थे. फर्जी तरीके से बनाए गए सिम को ठगों को बेच देते थे. इन सिम का उपयोग देशभर के कई राज्यों में सायबर अपराध के 45 मामलों में किया गया। इन सिम कार्डों को अब साइबर अपराधों से जुड़े होने के कारण दूरसंचार मंत्रालय द्वारा सेवा प्रदाता कंपनियों को नोटिस जारी कर बंद कर दिया गया है. आरोपी कबीरधाम जिले में घूम-घूमकर सिम कार्ड बेचते थे और इन्हें साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराते थे. इस मामले में थाना कवर्धा में अपराध संख्या 91/2025 पंजीबद्ध किया गया है. दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया है।



### नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष की स्कार्पियो स्कूल बस से टकराई, गंभीर रूप से हुई घायल, बच्चे भी हुए चोटिल

बलरामपुर। नव निर्वाचित जनपद अध्यक्ष की स्कार्पियो स्कूल बस से टकरा गई. हादसे में वाड्रफनगर जनपद अध्यक्ष शशि सिंह गंभीर रूप से घायल हो गईं, वहीं बस में सवार स्कूली बच्चों को भी चोट आई है. दुघटना वाड्रफनगर के मदनपुर गांव में घटित हुई. जनपद अध्यक्ष शशि सिंह स्कार्पियो में सवार होकर जा रही थी, रास्ते में बच्चों को घर छोड़ने जा रही एम्बिशन पब्लिक स्कूल की बस से जोरदार टक्कर हो गई. इधर शशि सिंह के सिर पर चोट आई, उधर बस में सवार पांच बच्चों को भी चोट आई है. सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया. वाड्रफ नगर पुलिस घटना की जांच में जुट गई है.

# मालिक को सबक सिखाने मामा-भांजा ने रची नकली लूट की कहानी

## पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

संवाददाता ● डोंगरगढ़

मालिक को सबक सिखाने के लिए दो नौकरों ने लूट की झूठी कहानी रची. पुलिस ने पूरे मामले का खुलासा करते हुए नाबालिग समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. साथ ही लाखों रुपए से भरे बैग को भी बरामद किया है. दरअसल, राजनांदगांव निवासी व्यापारी स्पनील गुप्ता के दो वर्कर धनराज सिन्हा और उसका नाबालिग भांजा 5 मार्च को डोंगरगढ़ से कारोबार का पैसा लेकर लौट रहे थे. आरोपियों ने ही थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे दोनों 5 मार्च को डोंगरगढ़ से कारोबार का पैसा लेकर लौट रहे थे. इस दौरान प्रज्ञागिरी हनुमान मंदिर के पास चार अज्ञात बदमाशों ने उनकी गाड़ी रोककर मारपीट की, चाकू दिखाकर धमकाया फिर 1.01 लाख रुपये और एक मोबाइल को लूटकर फरार हो गए.



पुलिस ने मामले की जांच शुरू की तो उनके बयान मेल नहीं खा रहे थे. बार-बार सवाल पूछने पर वे गोलमोल जवाब देने लगे, जिससे पुलिस को संदेह हुआ. कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने झूठी लूट रचना कबूल कर लिया.

दरअसल, 4 मार्च को स्पनील गुप्ता के बड़े भाई अंकित गुप्ता ने धनराज को किसी काम को लेकर डांट दिया था. इससे नाराज होकर धनराज और उसके भांजे ने लूट की झूठी साजिश रची. 5 मार्च की रात वे खुद ही गाड़ी रोककर उसका शीशा तोड़ दिए, फिर पैसों से भरा बैग और मोबाइल डोंगरगढ़ के प्रज्ञागिरी हनुमान मंदिर पहाड़ी में छुपा दिए. इसके बाद राजनांदगांव जाकर मालिक से झूठी लूट की कहानी सुना दी. पुलिस ने जब उनके बताए स्थान पर तलाशी ली तो छिपाया गया. आरोपी धनराज सिन्हा (22) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जबकि नाबालिग को बाल न्यायालय भेज दिया गया।



**चक्रवात अल्फ्रेड के आने से पहले समुद्र की तेज़ लहरों में**

ऑस्ट्रेलिया के ट्वीड हेड्स में चक्रवात अल्फ्रेड के आने से पहले लड़कों का एक समूह समुद्र की तेज़ लहरों से बने झाग में चलता हुआ।

## शॉट न्यूज

### लाहौर में राम के पुत्र लव की समाधि पर राजीव शुक्ला

**लाहौर।** पाकिस्तान के लाहौर शहर को लेकर मान्यता है कि इसे भगवान राम के पुत्र लव के नाम पर बसाया गया था। इसके अलावा कसूर शहर को उनके दूसरे बेटे कुश के नाम पर बसाया गया था। कांग्रेस नेता और बीसीसीआई के पदाधिकारी राजीव शुक्ला ने लाहौर यात्रा के दौरान लव की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की है। वह आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान पहुंचे हैं और इस दौरान वक्त निकालकर लव की समाधि पर पहुंचे। उन्होंने इसकी तस्वीरें भी शेयर की हैं। उन्होंने इसके बारे में एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी है। राजीव शुक्ला ने एक्स पर लिखा, 'लाहौर के म्युनिसिपल रिकॉर्ड में दर्ज है कि यह नगर भगवान राम के पुत्र लव के नाम से बसाया गया था और कसूर शहर उनके दूसरे पुत्र कुश के नाम से।

### धारावी परियोजना : अडानी के खिलाफ कंपनी को झटका

**मुंबई।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को धारावी पुनर्विकास परियोजना (डीआरपी) के निर्माण कार्य पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। अदालत ने बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए अडानी ग्रुपके पक्ष में निर्णय दिया। यूएई स्थित सेकलिंक टेक्नोलॉजीज कॉर्पोरेशन की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि परियोजना का काम पहले ही शुरू हो चुका है और कुछ रेलवे क्वॉर्टर्स का ध्वस्तीकरण भी किया जा चुका है। अपनी याचिका में सेकलिंक ने महाराष्ट्र सरकार के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उसकी पहले की बोली रद्द कर दी गई थी और परियोजना अडानी प्रॉपर्टीज लिमिटेड को सौंप दी गई थी।

### किसानों की पंजाब सरकार को चेतावनी, सीएम मान के यहां देंगे धरना

# आप के हर विधायक का घर घेरेंगे

**एजेंसी ● चंडीगढ़**

किसानों को चंडीगढ़ जाने से रोकने पर पंजाब के संगठनों में रोष व्याप्त हो गया है। अब तक केंद्र सरकार के खिलाफ ही मोर्चा खोलने वाले संयुक्त किसान मोर्चा ने पंजाब की भगवंत मान सरकार के खिलाफ आंदोलन का फैसला लिया है। भारतीय किसान यूनियन (लाखोवाल) के नेता हरिंदर सिंह लाखोवाल ने अब भगवंत मान सरकार के सभी विधायकों के घरों का घेराव करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि हम 10 मार्च को पूरे प्रदेश में आम आदमी पार्टी के विधायकों के घरों का घेराव करेंगे। आगे के आंदोलन को लेकर भी हम रणनीति बना रहे हैं। किसान नेताओं का कहना है कि भगवंत मान ने सही से बात नहीं की और जिस तरह से मीटिंग छोड़कर निकल गए। वह ठीक नहीं था।

**आंदोलन**



लाखोवाल ने कहा कि सरकार से असहमति जताने के लिए आप के सभी विधायकों के घरों के बाहर धरना दिया जाएगा। ये धरने 10 मार्च को सुबह 10 से दोपहर तक 3 बजे तक दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जल्दी ही एक ऐक्शन प्लान तैयार करेंगे। इसके अलावा 15 मार्च को चंडीगढ़ स्थित सीएम भगवंत मान के घर का भी घेराव किया जाएगा। लाखोवाल ने कहा, 'हम इस बात पर मंथन कर रहे हैं कि कैसे अपने आंदोलन को आगे बढ़ाया जाए। हम 15 मार्च को सीएम भगवंत मान को चर्चा में शामिल होने के लिए आमंत्रित करेंगे। यदि वह उस दिन उपलब्ध नहीं हैं तो फिर अपनी सुविधा के अनुसार कोई और तारीख बता सकते हैं।'

### सीएम को दी बहस की चुनौती

मुख्यमंत्री द्वारा यह दावा कि ये मांगें केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आती हैं, पूरी तरह से झूठा माना गया। किसान नेताओं की गिरफ्तारी की भी निंदा की गई और सरकार को संयम से काम लेने और किसानों की चिंताओं को सुनने की सलाह दी गई। बैठक के समापन पर मुख्यमंत्री को खुली बहस के लिए चुनौती देने का फैसला किया गया । एसकेएम ने कहा कि जब भी और जहां भी मुख्यमंत्री फैसला करेंगे, वे पांच किसान नेताओं के साथ बहस में भाग लेने के लिए तैयार हैं।

उन्होंने कहा कि भगवंत मान ने हाल ही में किसानों से मीटिंग की थी, लेकिन उसका कोई नतीजा नहीं निकला। इसकी वजह यह थी कि भगवंत मान ने मीटिंग ही आधे में छोड़ दी और किसानों की मांगों को लेकर दिलचस्पी नहीं दिखाई। लाखोवाल ने कहा कि भगवंत मान का रुख ही ऐसा था कि किसानों के पास सड़कों पर उतरने के अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं बचा। इस बीच 5 मार्च को हिरासत में लिए गए उन सभी किसानों को रिहा कर दिया गया है, जिन्हें चंडीगढ़ जाने के दौरान पुलिस ने पकड़ा था। पंजाब में किसान भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को जमीन देने और किसानों के कर्ज माफ करने की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा भूमि अधिग्रहण के नियमों को लेकर भी मांगें हैं, लेकिन अब तक राज्य सरकार से चर्चा में कोई नतीजा नहीं निकला है।

## दिल्ली : 250 मोहल्ला क्लीनिक होंगे बंद

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

दिल्ली में किराये के परिसर में चल रहे करीब 250 मोहल्ला क्लीनिक बंद होंगे। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंहने गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में निर्देश जारी किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के पास पर्याप्त जगह है, वहां पर जरूरत के मुताबिक प्राथमिक जांच केंद्र स्थापित किए जाएंगे। आयुष्मान भारत योजना के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 8 मार्च के बाद शुरू होगी।

**निर्देश**

20 से 25 हजार रुपये प्रतिमाह किराया : पंकज सिंह ने कहा कि मोहल्ला क्लीनिक को लेकर स्वास्थ्य विभाग से रिपोर्ट मांगी गई थी। उसमें पता चला कि करीब 250 मोहल्ला क्लीनिक हैं जो कि



किराये पर चल रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि यह मोहल्ला क्लीनिक कागजों में चल रहे हैं। पिछली सरकार के समय से इसका 20-25 हजार रुपये हर माह किराये का भुगतान हो रहा है। इसके अलावा उन्हें मुफ्त बिजली दी जाती है। हम ऐसे मोहल्ला क्लीनिक को बंद कर देंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के पास बहुत जगह है। यह कब तक बंद होंगे, इस सवाल पर उन्होंने कहा कि उनके अनुबंधों की जांच के बाद निर्णय लिया जाएगा।

बीते साल में मोहल्ला क्लीनिक में आने वाले मरीजों की संख्या में करीब 28 फीसदी की कमी आई है। वर्ष 2023 में जहां मोहल्ला क्लीनिक में कुल 1.94 करोड़ लोगों ने इलाज कराया था। वहीं, वर्ष 2024 में यह संख्या घटकर 1.34 करोड़ रह गई। मरीजों की संख्या कम होने की वजह निविदा शर्तों में बदलाव के चलते दवा आपूर्ति कंपनियों का पीछे हटना है। बीते साल में पांच करोड़ रुपये ही दवा खरीद में खर्च किया जा सका था। दिल्ली की नवगठित भाजपा सरकार ने आते ही दिल्ली में आयुष्मान योजना को मंजूरी दी है। इसके साथ ही दिल्ली में केंद्र सरकार की मदद से 1139 शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोलने की योजना है। 553 मोहल्ला क्लीनिक को भी अपग्रेड करके इसमें शामिल करना है। अधिकारियों को कहा गया है कि आरोग्य मंदिर सरकारी परिसर, जगह या इमारत में ही खोला जाना है। पहले चरण में सभी जिले में एक-एक मॉडल आरोग्य मंदिर खोलने की योजना है।

## कनाडा में जस्टिन ट्रूडो राज का अंत नजदीक !

**एजेंसी ● ओटावा**

कनाडा में अब प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का राज खत्म होने जा रहा है। ट्रूडो ने संकेत दिए हैं कि वह सप्ताह भर में पद छोड़ने जा रहे हैं। खबर है कि रविवार को लिबरल नेताओं की बैठक में पार्टी प्रमुख को चुना जा सकता है। साथ ही संभावनाएं जताई जा रही हैं कि अगले सप्ताह के अंत तक कनाडा को नया पीएम मिल सकता है। खास बात है कि ट्रूडो का यह फैसला ऐसे समय पर आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उनके पीएम पद के तार टैरिफ वॉर से जोड़ रहे थे।

कनाडा के प्रधानमंत्री के तौर पर अपनी आखिरी मीडिया ब्रीफिंग में ट्रूडो अपने 9 साल के कार्यकाल और डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए टैरिफ पर बोलते हुए भावुक हो गए और उनकी आंखों से आंसू निकल आए। जनवरी में अपने इस्तीफे की घोषणा करने वाले ट्रूडो ने कनाडाई लोगों को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता दोहराई।

**ट्रंप का दावा:** गुरुवार को ट्रंप ने कहा था, 'मानो या न मानो, कनाडा के लिए खराब काम करने के बावजूद जस्टिन ट्रूडो मुख्य रूप से उनकी तरफ से ही उठाई गई टैरिफ की समस्या का इस्तेमाल दोबारा प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में शामिल होने के लिए कर रहे हैं। देखने में मजा आएगा।' खास बात है कि अमेरिका के राष्ट्रपति का पद संभालने की शुरुआत से ही ट्रंप कनाडा को यूएस का हिस्सा बनाने के संकेत दे रहे हैं।

### अमेरिकी सामान का बहिष्कार

## ट्रंप ने कनाडा-मेक्सिको पर 30 दिन टाला टैरिफ फैसला

**एजेंसी ● वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा और मेक्सिको पर 25% टैरिफ लगाने के फैसले को एक बार फिर से 30 दिनों के लिए टाल दिया है। ट्रम्प ने 4 मार्च को दोनों देशों पर टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। इससे पहले भी ट्रम्प ने कनाडा और मेक्सिको के कई सामानों पर 4 फरवरी से टैरिफ लगाने का ऐलान किया था, लेकिन इसे लागू होने से एक दिन पहले उन्होंने इसे 30 दिनों के लिए टाल दिया था।



इस बीच ट्रम्प के कनाडा पर टैरिफ लगाने की धमकी और उसे 51वां राज्य बनाने वाले बयान के बाद देश में अमेरिकी सामानों का बायकॉट शुरू हो गया है। कनाडाई मीडिया के मुताबिक वहां पर लोग अमेरिकी सेब छोड़कर दूसरे देशों के सेब खाने लगे हैं। वहीं, दुकानदार पिज्जा में कैलिफोर्निया के टमाटर की जगह इटली से आए टमाटर का इस्तेमाल करने लगे हैं।

कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों में अमेरिकी सामान रखना बंद करने की बात कही है। कई कनाडाई जो कि अपनी छुट्टियां बिताने अमेरिका जाने वाले थे, उन्होंने अपनी छुट्टियां रद्द कर दी हैं। ट्रम्प की धमकी ने कनाडा में देशभक्ति की भावना को बढ़ा दिया है।हालांकि कनाडा और मेक्सिको ने ट्रम्प के टैरिफ टालने के फैसले की तारीफ की। कनाडा के वित्त मंत्री डोमिनिक लेब्लैंक ने कहा कि उनका देश भी अमेरिकी सामानों पर लगाए जाने वाले टैरिफ को फिलहाल टाल देगा।

कार बनाने वाली कंपनियों ने ट्रम्प से गुरुवार को टैरिफ का फैसला टालने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि कार पर लगे टैरिफ से उन्हें काफी नुकसान होगा। हालांकि ट्रम्प ने यह कहा है कि कोई भी राहत कम समय के लिए है। फैसला टालने का मकसद कार निर्माताओं और कार पार्ट्स के आपूर्तिकर्ताओं की मदद करना है। उन्होंने कहा कि वे 2 अप्रैल से कनाडाई और मेक्सिकन प्रोडक्ट्स पर टैरिफ लगाने वाले हैं। ट्रम्प ने कहा कि उनका फैसला अमेरिकी कार निर्माताओं और किसानों की रक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि उनके टैरिफ लगाने के फैसले को टालने का बाजार से कोई लेना-देना नहीं है।

### ट्रंप से माफी के बाद बनी बात


## अमेरिका-यूक्रेन की बैठक सऊदी में होगी

**एजेंसी ● कीव**

अमेरिका और यूक्रेन के अधिकारियों सऊदी अरब में बैठक करने जा रहे हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने उम्मीद जताई है कि बैठक में रूस से युद्धविराम पर सकारात्मक बातचीत होगी। पिछले हफ्ते वाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेनी प्रेसीडेंट वोलोडिमिर जेलेंस्की के बीच विवाद के बाद यह दोनों देशों के बीच पहली उच्च स्तरीय बैठक होगी।

**बैठक**

जेलेंस्की ने पुष्टि की है कि यूक्रेन और अमेरिका की टीमें बातचीत शुरू कर चुकी हैं और सऊदी में एक अहम मुलाकात होगी। जेलेंस्की भी सोमवार को सऊदी अरब का दौरा करेंगे और क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मिलेंगे। हालांकि जेलेंस्की खुद अमेरिकी अधिकारियों के साथ बैठक में शामिल नहीं होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकोफ ने कहा कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल शांति के



लिए एक प्रपोजल तैयार करना चाहता है। विटकोफ का दावा है कि रिश्ते सुधारने के लिए जेलेंस्की ने ट्रंप को पत्र लिखकर माफी मांगी है। विटकोफ ने उम्मीद जताई है कि अमेरिका और यूक्रेन के बीच चीजें जल्दी ही पटरी पर लौट आएंगी और सब कुछ फिर से शुरू हो जाएगा। दूसरी तरफ जेलेंस्की ने दोहराया कि यूक्रेन शांति चाहता है। उन्होंने कहा कि युद्ध सिर्फ रूस की वजह से चल रहा है। उन्होंने विश्व नेताओं से संघर्ष को समाप्त करने के लिए मॉस्को पर दबाव डालने का भी आग्रह किया। अमेरिका की ओर से यूक्रेन पर रियायतें देने का दबाव बनाया जा रहा है, जबकि जेलेंस्की यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी पर जोर दे रहे हैं। वाइट हाउस में जेलेंस्की और ट्रंप के बीच विवाद की एक वजह दोनों का अपने पक्ष पर अड़े रहने भी बना था। रूस और यूक्रेन में फरवरी 2022 से लड़ाई चल रही है। रूस ने कथित तौर पर यूक्रेन के 20 फीसदी क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक** - दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक**- दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)